दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 163
कोटद्वार रविवार
8 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## 13 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल की सजा

**हरिद्वार।** 13 वर्षीय लड़की को बहला–फुसलाकर भगाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट/अपर जिला जज कुमारी कुसुम शानी ने आरोपी युवक को दोषी करार दिया है। विशेष कोर्ट ने दोषी युवक को 20 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 16 दिसंबर 2019 की सुबह नौ बजे सिडकुल क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की घर से बाहर गई थी। काफी देर तक पीड़िता घर नहीं लौटी। परिजनों के तलाश करने के बाद भी पीड़िता का कोई पता नहीं चला। थक हारकर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट सिडकुल थाने में दर्ज कराई थी। घटना के करीब 15 दिन के बाद पीड़िता मिली थी। पीड़िता ने परिजनों और पुलिस को अपनी आपबीती में बताया था कि घटना वाले दिन आरोपी उसे डरा धमकाकर और उसके भाइयों को जान से मारने की धमकी देकर पंजाब ले गया था। बताया कि आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया। सिडकुल पुलिस ने पीड़ित लड़की के भाई की लिखित शिकायत पर आरोपी सागर के खिलाफ बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने, दुष्कर्म व पॉक्सो ऐक्ट में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सरकारी पक्ष ने साक्ष्य में आठ गवाह पेश किए।

## कनाडा में विमान हादसे का शिकार, मुंबई के दो ट्रेनी पायलट सहित तीन लोगों की मौत

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में हवाई अड्डे के पास एक छोटे विमान के शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त होने जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पाइपर पीए–34 सेनेका, एक दो इंजन वाला हल्का विमान, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग दो बजे (2100 जीएमटी), पर हवाई अड्डे से लगभग एक किलोमीटर दूर एक मोटल के बगल में गिर गया। दुर्घटना में पायलट सहित विमान पर सवार सभी लोगों की मौत हो गई। प्लेन हादसे में मारे गए तीन लोगों में से दो ट्रेनी पायलट मुंबई के रहने वाले थे। इनके नाम अभय गडरू और यश विजय रामुगडे था। हादसे के बाद परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## गरीबों को 5 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन, इस राज्य सरकार ने शुरू की 'चलित रसोई योजना'

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में गरीबों और श्रमिकों को पांच रुपए में भरपेट भोजन मुहैया कराने के उद्देश्य से आज यहां चलित रसोई योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शिवराज चौहान ने दीनदयाल रसोई योजना के तहत चलित रसोई केंद्रों की शुरूआत की। उन्होंने चलित रसोई केंद्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दीनदयाल रसोई योजना में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निगम इंदौर में चार, भोपाल में तीन और जबलपुर तथा ग्वालियर में दो दो चलित रसोई केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं।

### ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में बोले शाह

# अंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा भारत



**देहरादून ।** ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में तीनों हॉट स्पॉट जम्मू कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवादी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। यूपीए के नौ साल में इन तीनों हॉटस्पॉट में 33200 हिंसक घटनाएं हुई थी। जबकि 2014 से अब तक इन तीनों हॉट स्पॉट में 12358 घटनाएं ही हुई हैं।।

एफआरआई में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में शाह ने कहा कि कुल सुरक्षा कर्मियों की मौत 11947 के सापेक्ष एनडीए शासन काल में 3240 ही हुई हैं। आने वाले पांच साल में और काम किए जाएंगे। कहा कि अंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा ठीक किए बिना कोई भी देश विकास नहीं कर सकता। विकास के सारे पैमानों की पहली शर्त है कि कानून और व्यवस्था की स्थिति ठीक हो।

वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में वन सम्पदा 71 प्रतिशत से अधिक है। इसलिए मेरा सुझाव है कि वनों की सुरक्षा में लगे वनकर्मियों को अत्याधुनिक शस्त्र चलाने तथा अर्धसैनिकों की भांति उनको भी ट्रेनिंग की आवश्यकता है। मेरा सुझाव है कि इस पर चिंतन किया जाए।

# बदरीनाथ धाम पहुंचे योगी आदित्यनाथ

### भारत—चीन बॉर्डर पर जवानों की हौसला अफजाई

**चमोली(सं)।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिन के दौरे पर उत्तराखंड में हैं। सीएम योगी शनिवार दोपहर को चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम पहुंचे हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी को केदारनाथ धाम में दर्शन के लिए शनिवार को पहुंचना था। लेकिन खराब मौसम के चलते उन्हें ऐन मौके पर अपने कार्यक्रम में परिवर्तन करना पड़ा। केदार घाटी में ढाई बजे करीब मौसम खराब होने एवं घना कोहरा छाने के कारण हेली सेवाएं बाधित हो गई। बदरीनाथ धाम में मौसम साफ होने के चलते मुख्यमंत्री बद्रीनाथ पहुंचे हैं।

सीएम योगी उत्तराखंड में स्थित भारत–चीन बॉर्डर पर सीमा चौकी माणा पास बार्डर भी गए हैं। सीएम योगी ने आईटीबीपी के जवानों की हौसला अफजाई की है।



## खराब मौसम के चलते केदारनाथ नहीं पहुंचे योगी आदित्यनाथ

**रुद्रप्रयाग(सं)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को खराब मौसम के चलते केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सके। वह सीधे बदरीनाथ धाम पहुंच गए। हालांकि उनका कार्यक्रम केदारनाथ में रात्रि विश्राम का था। किंतु दोपहर बाद पूरी घाटी में कोहरा छा गया, जिससे योगी का हेलीकॉप्टर बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। शनिवार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का केदारनाथ आने का कार्यक्रम था। इसी के चलते केदारनाथ धाम में योगी के आगमन को लेकर प्रशासन, पुलिस, बीकेटीसी द्वारा सभी तैयारियां की गई। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया। बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा कर्मी भी केदारनाथ में मौजूद हैं।

सीएम योगी के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बदरीनाथ धाम पहुंचकर सीएम योगी ने कुछ देर बीआरओ के अतिथि गृह में आराम किया। उसके बाद वे भारत–चीन सीमा पर भारत की सीमा चौकी माणा पास में तैनात भारत की सेना के जवानों और आईटीबीपी के जवानों से मिलने के लिए पहुंचे हैं।

उन्होंने जवानों की जमकर तारीफ भी की। कहा कि इतने कड़े मौसम और बर्फिली पहाड़ों के बीच भारत के रणबांकुरे देश की सीमा की हिफाजत करने में जुटे हुए हैं।

सूत्रों की बात मानें तो सीएम योगी कल आठ अक्तूबर रविवार को बदरीनाथ धाम के दर्शन करेंगे। मौसम ने अगर साथ दिया तो सीएम योगी केदारनाथ धाम में दर्शन करने को भी जा सकते हैं।

## हेमकुंड सहित चारधाम दर्शनार्थियों का आंकडा 47 लाख के पारः महाराज



**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि मानसून समाप्त होने के पश्चात एक बार फिर से चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले सभी रिकार्ड ध्वस्त करते हुए अभी तक हेमकुंड सहित चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 47 लाख से ऊपर पहुंच गया है। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा निर्बाध गति से चल रही है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थलों के दर्शनों को उत्तराखंड आ रहे हैं। पिछले सभी रिकार्ड ध्वस्त करते हुए अभी तक चारधाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड आने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 47 लाख से ऊपर पहुंच गया है। इतना ही नहीं 16 फरवरी 2023 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हॉउसों की बुकिंग का आंकड़ा अब 26 करोड़ 68 लाख 36 हजार 943 रुपये तक पहुंच गया है। महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्पष्ट है कि चारधामयात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इस बार 60 लाख को पार कर सकती है। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी 2023 से प्रारम्भ हुये चारधाम एवं हेमकुण्ड यात्रियों के पंजीकरण के तहत अभी तक 6977863 (उनहत्तर लाख सतहत्तर हजार आठ सौ तिरेसठ) यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। विभिन्न धामों में यात्रियों के पंजीकरण की यदि हम बात करें तो अभी तक केदारनाथ हेतु 23 लाख 92 हजार 541, बद्रीनाथ हेतु 20 लाख 88 हजार 512, गंगोत्री हेतु 11 लाख 63 तिरेसठ हजार 246, यमुनोत्री हेतु 10 लाख 73 हजार 94 एवं हेमकुण्ड हेतु 2 लाख 60 हजार 470 यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

# मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिक आधार पर बरसाती नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ने के अभिनव प्रयासों पर दिया बल

**देहरादून(सं)।** मध्य क्षेत्रीय परिषद की नरेंद्र नगर में आयोजित बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित प्रतिभाग कर रहे अन्य महानुभावों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण बैठक को उत्तराखण्ड में आयोजित किये जाने के लिये केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद केंद्र तथा राज्यों के मध्य आपसी सहयोग एवं समान प्रकार के मामलों में सेतु के समान है। परिषद आपसी विचारों एवं अनुभवों को साझा करने का भी सशक्त माध्यम है।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तराखण्ड से संबंधित कतिपय नीतिगत विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड का 71 प्रतिशत भूभाग वन क्षेत्र से आच्छादित है। राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उत्तराखण्ड में अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा आवश्यक सेवाओं के सृजन में अन्य राज्यों की अपेक्षा लागत अधिक रहती है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यावरणीय प्रतिबंधों के कारण विकास कार्यों के संचालन में कतिपय कठिनाइयां रहती है, जबकि हमारे आर्थिक संसाधन भी सीमित हैं। इन परिस्थितियों एवं संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बावजूद राज्य की प्रति व्यक्ति आय को राष्ट्रीय औरत से लगभग दो गुना करने में हम सफल हुए हैं, तथा राज्य के विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल कर उत्तराखण्ड को उत्कृष्ट एवं आदर्श राज्य बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड से निकलने वाली गंगा, यमुना, काली सहित अनेक बारहमासी नदियां मैदानी क्षेत्रों की जीवन रेखा भी है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि वैज्ञानिक आधार पर बरसाती नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया जाना चाहिए, इसका लाभ न केवल उत्तराखण्ड को बल्कि पूरे देश को होगा। इसके लिये उत्तराखण्ड सहित अन्य मध्य क्षेत्रीय राज्यों को केंद्र सरकार से तकनीकि एवं वित्तीय सहयोग दिये जाने पर भी उन्होंने बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने सीमांत क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऑल वेदर रोड के अन्तर्गत राज्य में तेजी से काम हो रहा है परन्तु इसे सीमान्त क्षेत्र तक बढ़ाने की आवश्यकता है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन की तर्ज पर राज्य के दूसरे मण्डल में टनकपुर से बागेश्वर रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का आपदाओं जैसे भूस्खलन, अतिवृष्टि, वनाग्नि, ग्लेशियर खिसकना इत्यादि से चोली दामन का साथ है। इसके लिए राज्य को एक सशक्त वेदर फोर कास्टिंग सिस्टम, डॉप्लर रडार से युक्त अवस्थापना की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को बैंक की सुविधा हो, इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं इसके लिये उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित ऐसे गांवों में विद्युत व्यवस्था, मोबाइल कनेक्टिविटी तथा बैंकिंग सेवा व्यवस्था में सुधार हेतु केन्द्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 को ''अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट ईयर'' घोषित किया गया है, अतः मिड डे मील में अनिवार्य रूप से बच्चों को मिलेट प्रदान किया जाए ताकि बच्चे स्वस्थ रहें, इस बारे में शिक्षा मंत्रालय तथा खाद्य मंत्रालय के समन्वय से समुचित कार्यवाही किए जाने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने परिषद की 25वीं बैठक काशी विश्वनाथ की नगरी में रखे जाने का किया प्रस्ताव। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया ने देश के सामर्थ्य और शांति के प्रदर्शन को स्वीकार किया है। विभिन्न क्षेत्रों की परिषदों की बैठकों का आयोजन केंद्र राज्य संबंधों को बेहतर बनाने का कार्य कर रहे है जो समस्याओं के समाधान का उपयुक्त मंच बन रहा है। उन्होंने मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक काशी विश्वनाथ की नगरी में आयोजित किये जाने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में बीमारू से समृद्ध राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान उत्तराखण्ड व हिमाचल के साथ हिमालयी राज्यों को आपदा की समस्या का सामना करना पड़ा है। अब कई नए क्षेत्र भी इसमें शामिल हो रहे है। इसके लिए उन्होंने नदियों के केचमेंट एरिया को सुरक्षित किये जाने के साथ ही नदियों के चैनलाइजेशन की दिशा में पहल किये जाने की बात कही। उन्होंने आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं को रोकने में भी मिशन मोड में कार्य करने पर बल दिया। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में भी सभी राज्य आपसी सहभागिता से इस दिशा में क्या कुछ बेहतर कर सकते है इस पर चिन्तन किये जाने की उन्होंने जरूरत बतायी।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस सन्धु के साथ ही सचिव गण उपस्थित थे।

## एनसीआर में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाद दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित, तीन इलाकों में एक्यूआई 300 पार

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने से वायु प्रदूषण का संकट गहराता जा रहा है। शनिवार को भी दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में बरकरार रही है। एनसीआर के मुकाबले ग्रेटर नोएडा व नोएडा के बाद दिल्ली में हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही।



शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 216 दर्ज किया गया, जोकि खराब श्रेणी में है। शुक्रवार के मुकाबले चार सूचकांक अधिक बढ़ गया है। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहले चरण की बंदिशें लागू हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शनिवार को तीन इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। इसमें सबसे अधिक मुंडका का एक्यूआई 337, शादीपुर का 318 व बवाना का 306 दर्ज किया गया। वहीं, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा सबसे प्रदूषित रहा, यहां एक्यूआई 292 दर्ज किया गया। यह खराब श्रेणी में है। इसके बाद नोएडा का 250, गाजियाबाद में एक्यूआई 210, गुरुग्राम में 172 और फरीदाबाद में 198 दर्ज किया गया।भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के अनुसार शनिवार को हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। इस दौरान हवाओं का रुख उत्तर–पश्चिम व उत्तर दिशा की ओर रहा। हवा चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से गति से चली। इसी तरह हवा सोमवार तक हवा खराब श्रेणी रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार से 16 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी और आसमान साफ रहने की संभावना है। हालांकि, सुबह के वक्त हल्की धुंध नजर आ सकती है। शुक्रवार को एक्यूआई 212, बृहस्पतिवार को 177, बुधवार को 176, मंगलवार को 155 व सोमवार को 146 दर्ज किया गया था।


## बृजभूषण शरण सिंह ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का कोर्ट में किया खंडन, 16 अक्तूबर तक मामला स्थगित

**नई दिल्ली , एजेंसी।** डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शनिवार को छह महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों का खंडन किया। बृजभूषण शरण सिंह ने आरोपों को झूठा और प्रेरित करार दिया।बृजभूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल के समक्ष अपने वकील के माध्यम से मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने पर बहस शुरू करते हुए यह दावा किया। चचेरी बहन ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ताओं में से एक यौन उत्पीड़न समिति की सदस्य थी और उसने अप्रैल 2023 तक कभी भी 2012 की कथित घटना का खुलासा नहीं किया।

### सात्विक—चिराग ने रचा इतिहास

# बैडमिंटन में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

**हांगझोउ, एजेंसी।** एशियन गेम्स में भारत की झोली में एक और गोल्ड मेडल आया है। बैडमिंटन के मेंस डबल्स फाइनल में भारत के चिराग शेट्टी और सात्विक साईंराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने इतिहास रचते हुए बेडमिंटन में पहला स्वर्ण पदक जीता है। गोल्ड मेडल के मैच में भारतीय जोड़ी ने कोरिया के किम वोंग और चोई सोल की जोड़ी को सीधे सेटों में 21–18 और 21–16 से शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी को मेंस डबल्स का गोल्ड जीतने के लिए पूरा जोर लगाना पड़ा। एक समय पहले गेम में सात्विक–चिराग कोरियाई जोड़ी से पिछड़ रहे थे पर दोनों ने जबरदस्त वापसी की स्कोर को 13–13 से बराबर किया। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पहला गेम 21–18 से अपने नाम कर लिया।सात्विक–चिराग की भारतीय जोड़ी ने दूसरे सेट में भी क्रॉस कोर्ट पर शानदार खेल दिखाया। कोरियाई जोड़ी ने वापसी की काफी कोशिश की और नेट्स पर अंक भी हासिल किए। लेकिन भारतीय जोड़ी ने संयम नहीं खोया और आक्रमक खेल जारी रखते हुए दूसरा गेम को 21–16 से जीतते हुए मैच के साथ ही गोल्ड मेडल भी अपने नाम कर लिया।गौरतलब है कि इससे पहले भारतीय पुरुष टीम ने रजत और एचएस प्रणॉय ने पुरुष एकल का कांस्य पदक अपने नाम किया था।



हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के क्वार्टरफाइनल में हार जाने के बाद महिला एकल स्पर्धा में भारतीय चुनौती गुरुवार को समाप्त हो गई थी।

इस तरह, भारत ने एशियाई खेल 2023 बैडमिंटन में तीन पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

# एमडी सिडकुल रोहित मीणा ने की राज्यपाल से मुलाकात

देहरादून,राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में एमडी सिडकुल रोहित मीणा ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को माह दिसम्बर में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 8 एवं 9 दिसम्बर को देहरादून में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 में अभी तक लगभग रू. 40 हजार करोड़ के एमओयू विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ किए जा चुके हैं।



एमडी ने बताया कि माह नवम्बर में चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद और मुंबई में भी रोड़ शो किए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि इस समिट के माध्यम से मुख्य रूप से पर्यटन, विनिर्माण, आयुष, शिक्षा स्वास्थ्य, आईटी, ऊर्जा आदि सेक्टर में रू. 2.5 लाख करोड़ के अपेक्षित निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 के माध्यम से उत्तराखण्ड में निवेश व उद्योगों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समिट के माध्यम से उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था को नया प्रोत्साहन मिलना तय है।

### रैली में शामिल होने राजधानी पहुंचे शिक्षक

रुद्रप्रयाग : राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रांतीय आह्वान पर जनपद से बड़ी संख्या शिक्षक राजधानी के लिए रवाना होने लग गए हैं। अधिकांश शिक्षक देर सांय राजधानी पहुंच गए जबकि अन्य रविवार सुबह पहुंच जाएंगे। राशिसं के इस आंदोलन सफल बनाने के लिए उत्तराखंड राज्य प्राथमिक संघ, उत्तराखंड माध्यमिक संघ, प्रधान संगठन रुद्रप्रयाग विजया देवी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख अगस्त्यमुनि ने अपना समर्थन दिया। राशिसं के जिला अध्यक्ष नरेश भट्ट और मंत्री आलोक रौथाण ने समर्थन के लिए सभी संगठनों का आभार जताया। सरकार जागरण रैली को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड के गढ़वाल व कुमायूं मंडल सहित 13 जनपदों के करीब बीस हजार शिक्षक भाग लेंगे। राशिसं रुद्रप्रयाग के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट व जिलामंत्री आलोक रौथाण ने देहरादून रवाना होते हुए जनपद के तीनों ब्लॉक व 105 विद्यालय शाखा अध्यक्ष व मंत्रियों का आह्वान करते हुए कहा है कि सरकार का शिक्षकों के प्रति जो रवैया है उसे बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# साइबर ठगी के 32 हजार पीड़ित को दिलाए

नई टिहरी : नींबू पानी बेचने वाले सागर से साइबर धोखाधड़ी से ठगे 35 हजार रुपये में से 32 हजार रुपये पुलिस की साइबर सेल ने वापस दिलाये। जिस पर सागर से पुलिस का तहेदिल से आभार जताया है।

एसआई साईबर संजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेल ने एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देशन में नींबू पानी बेचने वाले से हुई ठगी को लेकर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जिस क्रम में साइबर सेल टिहरी गढ़वाल नेसूचना मिलते ही आवेदक से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित यूपीआई तथा एजीआईओ कंपनी से सम्पर्क कर आवेदक के खातें से निकाली गयी 35 हजार रूपये की धनराशि में से 32 हजार रुपये विधिक कार्यवाही करते हुए सागर के खाते में तत्परता से वापस करवाये। जिससे खुश सागर ने पुलिस की साइबर सेल का आभार जताया।

इस कार्यवाही में निरीक्षक देवेंद्र रावत, एसआई संजीव थपलियाल, एसआई संजय मिश्रा, अजयवीर, राहुल सरग्वाण की भूमिका अहम रही। पुलिस की अपीलः साईबर ठगी को लेकर पुलिस की साइबर सेल ने अपील की है कि मोबाइल एक ऐसा डिवाइस है जो हमेशा आपके साथ रहता है। दिखने में यह डिवाइस छोटा है, लेकिन बड़ा महत्वपूर्ण है। अधिकतर साइबर क्राइम इसी डिवाइस के माध्यम से हो रहे हैं। इसके लिए सभी को सतर्क एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है। वर्तमान में साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती है, इससे होने वाले क्राइम का खतरा 24 घंटे बना रहता है। साइबर क्राइम से बचने के लिए मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता है। कोई भी पोस्ट पर एकदम से विश्वास न करें। जागरुक बनें एवं अन्य व्यक्तियों को भी जागरुक करें। साइबर सुरक्षा का एक ही मंत्र है वह है जागरूकता।

यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है, तो तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल के टोल फ्री नम्बर–1930, साइबर सेल टिहरी गढ़वाल नंबर 9193022666 अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। (एजेंसी)

# वन्यजीव सप्ताह—2023 का हुआ समापन,अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं को सम्मानित किया

देहरादून, दिनांक 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर, 2023 तक चले वन्यजीव सप्ताह–2023 का समापन शनिवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा किया गया। राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में वन मंत्री सुबोध उनियाल एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया।

वन्यजीव सप्ताह का उद्देश्य वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति आम जनमानस को जागरुक करना एवं इनके संरक्षण हेतु उनकी सहभागिता प्राप्त करना है। इसी उद्देश्य से इस सप्ताह के दौरान पूरे उत्तराखण्ड राज्य में वन विभाग के समस्त प्रभागों एवं वृत्तों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष तौर पर वन्यजीव संरक्षण सम्बन्धी गोष्ठियों/कार्यशालाओं का आयोजन, स्कूली बच्चों के मध्य निबन्ध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, वन्यजीवों पर आधारित फिल्म प्रदर्शन, वन एवं वन्यजीवों की रोचक गतिविधियों के बारे में अवगत कराना, मानव वन्यजीव सह–अस्तित्व के बारे में जनमानस को प्रेरित करना इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गये।




समापन समारोह में राज्यपाल द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व की फिल्म का अनावरण किया गया एवं विभागीय प्रकाशनों मानव गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का हिन्दी रूपांतरण, सिक्योर हिमालय परियोजना के अन्तर्गत ह्यह्लए कंपैडियम ऑफ बेस्ट प्रैक्टिसिस फॉर सिक्योर हिमालय प्रौजेक्टह्लह्ल एवं सेब के मूल्य वर्धित उत्पाद–जूस एवं जैम बनाने हेतु तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन किया गया।

राज्यपाल द्वारा इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर-ाखण्ड में 70 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि वन्यजीव एवं वन संपदा हमारी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदल सकते हैं, हमें इनके महत्व को समझना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास वन संपदा का अत्यधिक भंडार है, जो हमारे लिए अनमोल उपहार है। राज्यपाल ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग पर ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर हमें संकल्प लेना होगा कि हमें वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष एक चुनौती के रूप में है जिसका निदान हमें स्वयं खोजना होगा।

राज्यपाल ने वन्य जीव संरक्षण हेतु वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण में आम जनमानस की सहभागिता प्राप्त करने पर जोर दिया।

वन मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा अपने सम्बोधन में वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि स्थानीय लोगों तथा जनसामान्य के सहयोग के बिना वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु चलाई जा रही योजनाएं फलीभूत नहीं हो सकती है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने वन संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी के साथ–साथ कृषि एवं वन विभाग द्वारा आपसी रणनीति बनाए जाने पर जोर दिया।

समापन कार्यक्रम में प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) अनूप मलिक, प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक डॉ० धनंजय मोहन, मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव निशान्त वर्मा, निदेशक राजाजी टाइगर रिजर्व डॉ० साकेत बडोला के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद एकेडमी ने खो-खो, कबड़ी, लोकनृत्य में गोल्ड मेडल जीता

नई टिहरी : चंबा और प्रतापनगर में ब्लॉक स्तरीय शरदकालीन खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को चंबा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद एकेडमी के छात्रों ने जूनियर वर्ग बालिका खो-खो, कबड्डी तथा बालक वर्ग खोखो और लोकनृत्य में गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ ही 200 मीटर दौड़ करन शाही, 100 मी. दौड़ में अंशिका थपलियाल, 400 मी. सृष्टि डबराल ने प्रथम स्थान तथा 200 मी. दौड़ में कार्तिकेय रावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उधर प्रतापनगर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एमडीएस विद्यालय के शिवम ने 100 मीटर दौड़ तथा शुभम ने लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा बैडमिंटन, चक्का फेंक, लंबी कूद, लोकनृत्य, समूहगान, सुलेख, मानचित्र आदि प्रतियोगिताओं भी संपन्न हुई।

विजेता छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतापनगर में विधायक विक्रम नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### आरसेटी 10 अक्टूबर से देगा प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत खांकरा में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। निदेशक आरसेटी किशन सिंह रावत ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड अगस्त्यमुनि के खांकरा गांव में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 अक्तूबर से 21 अक्तूबर तक 10 दिवसीय पापड़, अचार व मसाला पावडर बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कांग्रेस का आरोप सेना में दिव्यांगता पेंशन खत्म कर रही केंद्र सरकार

देहरादून, कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन(रिटायर्ड) रोहित चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सेना को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता पेंशन में बदलाव कर सैनिकों और पूर्व सैनिकों पर केंद्र सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की है और यह हमारे सुरक्षा तंत्र के साथ खिलवाड़ है।

देहरादून स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कैप्टन रोहित चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के साथ पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि अभी तक सैनिकों को ड्यूटी के दौरान दिव्यांग, बीमारी और शारीरिक अक्षमता होने पर रिटायरमेंट भेजने पर मूल पेंशन के साथ अलग से दिव्यांगता पेंशन दी जाती रही है। अब केंद्र सरकार ने दिव्यांगता पेंशन में बदलाव किया है।

इसे पेंशन के बजाए एक रिलीव फंड के तौर पर सैनिकों को दिया जाएगा। जिसे इनकम टैक्स छूट के दायरे में रखने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

साथ ही यह रिलीव राशि उन्हें उनकी मृत्यु तक ही मिलेगी और इसके बाद उनके परिजनों को तय नियमों के तहत पारिवारिक पेंशन का ही एक हिस्सा मिलेगा। इससे बड़ी संख्या में सैनिक परिवार शामिल होंगे। कैप्टन चौधरी ने कहा कि दिल्ली में इसे लेकर पूर्व सैनिक संगठनों से वार्ता हुई है, उन्होंने इसे वापस लेने की मांग की है। कांग्रेस पूरे देश भर में इसको लेकर अभियान चलाने जा रही है, इसमें उत्तराखंड की अहम भूमिका होगी। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने लेफ्टिनेंट जनरन हनुत सिंह को लेकर की गई घोषणा को अब तक पूरा नहीं करने और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के परिवार को आवंटित जमीन से बेदखल करने का मामला भी उठाया।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टर बलबीर सिंह, कैप्टर मोहन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### प्रेमनगर में सड़क हादसे में युवक की मौत

देहरादून,प्रेमनगर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक ऑनलाइन कंपनी में डिलीवरी ब्वाय का काम करता था।

शुक्रवार रात पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि सुभारती अस्पताल झाझरा के पास एक बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई है। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल तुषार मलिक पुत्र संजीव मलिक निवासी ग्राम/पोस्ट कुरावा थाना फुगाना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को सुभारती अस्पताल झाझरा पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यूसर्क ने यंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड के लिए आवेदन मांगे

देहरादून,उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) की ओर से यंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड के लिए आवेदन मांगे गए हैं। जो महिलाएं विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।

वह 22 अक्टूबर तक ऑनलाइन और 25 अक्टूबर तक डाक के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। निदेशक प्रो अनीता रावत ने बताया कि यूसर्क द्वारा विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए, स्वदेशी ज्ञान प्रणाली के विकास में योगदान और कृषि पारिस्थितिक उद्यमिता विकास के लिए इसका अनुप्रयोग आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार को दो वर्गों में बांटा गया है। यूसर्क यंग वुमेन साइंटिस्ट एक्सीलेंस अवार्ड तीस वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। जबकि 45 वर्ष तक की महिलाओं को यूसर्क यंग वुमेन साइंटिस्ट एचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

उत्तराखंड राज्य में कार्य कर रही महिलाओं को ही यह पुरस्कार दिया जाएगा। उम्मीदवार का चयन विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा किया जाएगा। पैनल का निर्णय अंतिम माना जाएगा और चयनित उम्मीद्वारों को सूचित किया जाएगा। जिन लोगों को पिछले वर्षों में सम्मानित किया गया है। उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

### स्वयं सिद्धा संस्था ने सौड़ा सरोली गांव में की गौ सेवा

देहरादून, स्वयं सिद्धा एक्स ओएनजीसी ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ने सौड़ा सरोली गांव में मां रुक्मणी सेवा संस्थान गौशाला में सामाजिक सेवा कार्य में हिस्सा लिया और गौवंश की एक लाख पांच सौ रूपये की धनराशि के विभिन्न खाद्य सामग्री, उपकरण, दवाईयां भेंट की। संस्थान सचिव स्वीटी कलेर के नेतृत्व में संस्था की सदस्याएं विभिन्न सामग्री लेकर सौड़ा सरोली गांव पहुंची और सेवा कार्य में भागीदारी की। गऊशाला सेवा संस्थान में एक चारा मशीन, 12 सिलिंग फैन, 20 किलो पैडिगरी, 192 किलो चोकर, 2 क्विंटल मूंग की चूरी, चने का खांडा, भूसा, हरा चारा, दस हजार रूपये मूल्य की दवाएं भेंट की।

# मिलेट्स पर आयोजित होगी राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता : डॉ. धन सिंह

देहरादून, गढ़भोज दिवस पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड के परंपरागत अनाजों को बढ़ावा देना जरूरी है। युवा पीढ़ी को भी अपनी संस्कृतिक और परंपराओं का ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में परंपरागत अनाज पर राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला और प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।यह बात काबीना मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कही। हिमालयन पर्यावरण जड़ी–बूटी एग्रो संस्थान ह्यजाड़ी तत्व



फाउंडेशन, आगाज फेडरेशन और पर्वतीय विकास शोध केंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने देश में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिये केंद्रीय बजट में वित्तीय प्रावधान किए हैं। इसमें अन्न योजना शुरू की है, ताकि देशभर में परम्परागत मोटे अनाजों (मिलेट्स) के उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय को दोगुना किया जा सके। यही नहीं पीएम मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स ईयर घोषित किया है। जिसके तहत पूरी दुनियां में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न स्तरों पर कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में भी सहकारिता विभाग के माध्यम से मोटे अनाजों मंडुवा, झंगोरा, चौलाई आदि की खरीद सीधे किसानों से की जा रही है, जिससे किसानों को अच्छी खासी आमदानी हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के विद्यालयों में दिये जा रहे मिड–डे मीड में भी मोटे अनाजों को शामिल किया है, जिससे छात्र–छात्राओं को पौष्टिक आहार मिल रहा है।

# एसटीएफ ने किया हथियारों के खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

देहरादून, एसटीएफ ने ऊधमसिंहनगर में अवैध हथियारों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके घर से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। आरोपी पांच साल पहले भी हथियारों की फैक्ट्री चलाने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के आदेश अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि गदरपुर ऊधमसिंहनगर के एक घर में हथियारों के खेप आई है। सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे की ओर से गठित एसटीएफ और थाना गदरपुर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी बचन सिंह पुत्र हुजूर सिंह निवासी ग्राम कुशालपुर गदरपुर को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ ऊधमसिंहनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घर से दो देसी पोनिया 12 बोर, दो तमंचे 315 बोर और एक देसी तमंचा 12 बोर बरामद हुआ है। एसएसपी ने बताया कि बचन सिंह 20 वर्षों से अवैध हथियारों का धंधा कर रहा है। यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में उसके द्वारा हथियारों की सप्लाई की गई। पूछताछ में उसने बताया कि कलकत्ती के जंगल जो यूपी में हैं, वहां वो अपने साथियों के साथ हथियार बनाता है।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया दो दिवसीय सेमिनार को संबोधित

देहरादून, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन से एसएसजे विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के एलएसएम कैम्पस पिथौरागढ़ द्वारा आयोजित ह्यह्ल21वीं सदी में भारत की रक्षा चुनौतियांह्लह्ल विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आज 21वीं सदी का भारत प्राचीन विश्व गुरु भारत की शक्ति को पुनः प्राप्त करने और दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति के बल पर वैश्विक महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। इन उपलब्धियों के साथ–साथ हमारे सामने अनेक चुनौतियों का भी मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी रक्षा चुनौतियां व्यापक, बहुआयामी और जटिल हैं।

राज्यपाल ने कहा कि यह नया भारत है, हमने अपनी सीमाओं के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण पूरे विश्व के सामने रखा है। आज हम आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और विश्व गुरु




भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत उभरती प्रौद्योगिकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन में नेतृत्व और आर्थिक विकास के मोर्चे पर निरंतर प्रगति कर रहा है– जैसे हमारे संकल्प और उपलब्धियां बड़ी होती जा रही हैं वैसे–वैसे हमारी चुनौतियां भी बड़ी होती जा रही हैं।

राज्यपाल ने कहा कि कुशल नेतृत्व से हम आतंकवाद को पूर्ण रूप से समाप्त कर सकते हैं लेकिन इस चुनौती से निपटने के लिए हमें दृढ़ संकल्प शक्ति और सामूहिक इच्छा शक्ति की आवश्यकता है। सीमा संबंधी विवाद भी हमारे लिए बड़ी रक्षा चुनौती हैं। आज के समय में भी ये वही मुद्दे हैं जो सजगता, दूरदृष्टि, कुशल रणनीति और संवेदनशील दृष्टिकोण की मांग करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे लिए साइबर सुरक्षा भी एक बहुत बड़ी रक्षा चुनौती है, प्रौद्योगिकी और इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता हमारी सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है, आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, मेटावर्स, ब्लॉकचेन जैसी आधुनिकतम साइबर तकनीकी, कूटनीति और रणनीति, साईबर वॉर का हिस्सा होने वाले हैं, इसलिए हमें गंभीर खतरों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहना होगा।

# लाल निशान लगाकर भूला सरकारी सिस्टम, चिढ़ा रहा शहर का अतिक्रमण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : शहर के अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने के बाद सरकारी सिस्टम गहरी नींद में सो गया। हालत यह है कि अब अतिक्रमण पर लगा लाल निशान आमजन को चिढ़ा रहा है। लगातार बढ़ रही समस्या के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। जबकि, पूर्व में नगर निगम व प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी।

◆डेढ़ माह पूर्व शहर में अतिक्रमण पर लगाए गए थे लाल निशान

◆बढ़ रही समस्या के कारण आमजन का पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

जुलाई माह में उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग सहित अन्य सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद अगस्त माह में नगर निगम, प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर शहर में तीस से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किए थे। इसके लिए बाकायदा झंडाचौक से कोतवाली के मध्य निगम की नजूल भूमि पर बने बरामदों को खाली करवाया गया था।

एक दिन अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद सरकारी सिस्टम ने अन्य अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्वयं ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। लेकिन, अधिकांश अतिक्रमणकारियों ने सरकारी सिस्टम की चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया। नतीजा डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी सरकारी सिस्टम इस अतिक्रमण को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यही नहीं, अतिक्रमण से संकरे हो चुके गोखले मार्ग के अतिक्रमण पर लगे लाल निशान लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं।

### केवल खानापूर्ति साबित हो रहा अभियान

नगर निगम की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान केवल खानापूर्ति ही साबित हो रहा है। हालत यह है कि नगर निगम व प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ की गई खानापूर्ति के बाद शहर में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि नगर निगम व प्रशासन केवल कुछ व्यापारियों को परेशान करने के लिए ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाता है। जबकि, कई भवनों पर पिछले कई वर्षों से लाल निशान लगे हुए हैं।



कोटद्वार के गोखले मार्ग पर अतिक्रमण पर लगा लाल निशान।

## वन्य जीव संघर्ष रोकने में विफल है सरकार : अनुकृति

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कांग्रेस नेता अनुकृति गुसाईं रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार वन्य जीव संघर्ष रोकने में पूरी रहा नाकाम है। पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवर लगातार ग्रामीणों को अपना निवाला बनाते जा रहे हैं। अनुकृति गुसाईं रावत ने मुख्यमंत्री से कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) से सटे सभी गांवों के लोगों का 20 लाख रुपये का बीमा कराने की मांग की है।

जारी बयान में अनुकृति गुसाईं रावत ने कहा कि लैंसडौन विधानसभा के अंतर्गत नैनीडांडा क्षेत्र में अतिक्रमण के नाम पर व्यापारिक प्रतिष्ठान ढहा दिए गए। ऐसे में लोगों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। विकास के नाम पर सरकार केवल जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। कहा कि वन विभाग की लापरवाही के चलते हर साल आधा दर्जन लोग गुलदार या बाघ का शिकार बनते जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों का 20 लाख रुपये का बीमा कराने, जंगली जानवरों के हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को नौकरी देने की मांग की है।

## निबंध प्रतियोगिता में सुमित नेगी रहा अव्वल



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

**कोटद्वार** : एकेश्वर विकासखंड के पब्लिक इण्टर कालेज सुरखेत में दमदेवल रेंज की पहल पर वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को वनों और वन्यजीवों के प्रति जागरूक करने के साथ ही निबन्ध, पोस्टर और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

जूनियर वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में संजना रावत ने प्रथम, शिव रमोला ने द्वितीय तथा प्रेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल कक्षाओं के लिए आयोजित की गई निबन्ध प्रतियोगिता में सुमित नेगी प्रथम, हेमन्त रमोला द्वितीय और सृष्टि रमोला तृतीय रहे। इण्टर कक्षाओं के लिए वन और वन्य जीवन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में मानव बिष्ट ने प्रथम, गौरी नेगी ने द्वितीय और नेहा रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि जनमानस को वनों और वन्यजीवों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह को वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के रुप में मनाया जाता है। दमदेवल रेंज के उपवन क्षेत्र अधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वनाग्नि से जहां हजारों पेड़-पौधे और जीव-जन्तु जलकर राख हो जाते हैं वहीं वायुमण्डल धुएं से प्रदूषित हो जाता है, धरती का तापमान बढ़ने से पानी के स्त्रोत सूखने लगते हैं तथा भूमिगत जल स्तर नीचे चला जाता है। इसलिए हमें वृक्षारोपण करना चाहिए और रोपे पौधों का संरक्षण भी करना चाहिए। कार्यक्रम में वन दरोगा महावीर सिंह गुसांई, वन आरक्षी मुकेश कुमार भट्ट, सुरजीत कुमार, विनोद पुरी और संदीप राणा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# खो-खो में संकुल सिताबपुर रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लॉक की शीतकालीन प्रतियोगिताओं का शनिवार को समापन हो गया। 5 से 7 अक्टूबर तक हुई प्राथमिक व जूनियर स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में दुगड्डा ब्लाक के संकुलों के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान खो-खो प्रतियोगिता में संकुल सिताबपुर प्रथम रहा।

राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल मैंचों में प्राथमिक स्तर की 50 मी. दौड़ में आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोटाढ़ाक, 100 मी. में प्राथमिक विद्यालय न. 1 नगर क्षेत्र, 200 मी. में राप्रावि सकन्याणी और 400 मी. दौड़ में क्रेडल पब्लिक स्कूल निंबूचौड़ ने पहला स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर की 100 मी. दौड़ में राउप्रावि उमरैला, 200 मी. में राउप्रावि आमसौड़, 400 मी. में राउप्रावि उमरैला और 600 मी. दौड़ में राउप्रावि झटरी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

प्राथमिक स्तर बालक खो-खो में संकुल सिताबपुर ने पहला स्थान प्राप्त किया। जूनियर खो-खो में संकुल मोटाढ़ाक पहले स्थान पर रहा। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगताओं को संपन्न कराने में विकासखंड दुगड्डा खेल समन्वयक अरूण कुकरेती सहित प्रकाश चौधरी, सुरेश बिष्ट, जगमोहन सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह नेगी, जयप्रकाश केष्टवाल, विपिन चौहान और रवींद्र मंजेड़ा आदि शिक्षकों ने भी योगदान दिया।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

## पौड़ी को मिली फुटबाल और खो-खो प्रतियोगिताओं की मेजबानी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : इस बार प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली बालक और बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिताओं के साथ ही बालिका फुटबाल की मेजबानी पौड़ी को दी गई है। दोनों खेलों के लिए प्रदेश भर की टीमें पौड़ी आएगी। सीईओ ने इस संबंध में बीईओ दुगड्डा को नोडल अफसर बनाते हुए सभी तैयारियों को समय से पूरा करने को कहा है। वहीं 18 अक्तूबर को प्रस्तावित गढ़देवा के लिए श्रीनगर में तैयारियां की जा रही है।

जिला स्तर पर अपना जौहर दिखाने के बाद अब जिले की फुटबाल (बालक) और योगा की टीमें स्टेट खेलने के लिए रविवार को रवाना होगी। फुटबाल चंपावत तो योगा की प्रतियोगिताएं हरिद्वार में 10 अक्तूबर से आयोजित की जाएगी। बीते साल पौड़ी ने सभी वर्गों की टीटी और फुटबाल प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। जिले से प्रदेश स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने उत्साहवर्धन किया। जिला खेल समन्वयक योगम्बर सिंह ने बताया कि बालक और बालिका में 14, 17 और 19 आयु वर्गों की फुटबाल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी कल चंपावत के लिए रवाना होंगे। इसी के साथ ही योगा की टीमें भी कल ही हरिद्वार जाएगी। इस बार प्रदेश स्तर पर फुटबाल प्रतियोगिता की मेजबानी चंपावत जिले को मिली है। योगा और फुटबाल दोनों प्रतियोगिताएं 10 से 13 अक्तूबर तक खेली जाएगी। बताया कि इस बार फुटबाल बालिका वर्ग की मेजबानी पौड़ी को मिली है। ये प्रतियोगिता नवंबर में आयोजित होगी। इसके लिए अभी तिथि घोषित नहीं हुई है। वहीं प्रदेश स्तरीय खो-खो प्रतियोगिताएं 5 से लेकर 7 नवंबर तक कोटद्वार स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

## घराट-मुंडला मोटर मार्ग निर्माण की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने घराट-मुंडला मोटर मार्ग निर्माण की मांग की है। कहा कि लाख शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

समस्या के संबंध में समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि कोटद्वार से मात्र पांच किमी. की दूरी पर स्थित घाड़ क्षेत्र के 15 गांवों के निवासियों की सड़क की मांग राज्य गठन के 23 वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। इन गांवों के लिए वर्ष 2005-06 में मोटर मार्ग की स्वीकृति दे दी गई थी लेकिन वन अधिनियम के आड़े आने के कारण मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक आरंभ नहीं हो पाया। इस कारण क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री को वन अधिनियम के आड़े आने पर मोटर मार्ग के समरेखण में बदलाव कर निर्माण कार्य आरंभ करने का सुझाव भी दिया है।

## वाहनों की आवाजाही के लिए खोला जाएं लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग

**कोटद्वार** : मालिनी किसान पंचायत कोटद्वार भाबर ने वन विभाग से लालढांग-चिल्लरखाल और कलालघाटी-मवाकोट मार्ग की मरम्मत कर उसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में खोलने की मांग की। कहा कि मार्ग खुलने से लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा मिलेगी। वहीं, किसान पंचायत ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

शनिवार को संगठन के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी के नेतृत्व में लोग लैंसडौन वन प्रभाग के डीएफओ कार्यालय पहुंचे और उन्होंने डीएफओ नवीन पंत को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर लोगों ने कहा कि लालढांग-चिलरखाल मार्ग कोटद्वार-भाबर क्षेत्र की लाइफ लाइन है। इस मार्ग को विगत वर्षों में बरसात समाप्त होने के बाद मरम्मत कर एक अक्तूबर को वाहनों के संचालन के लिए खोल दिया जाता है। इस मार्ग पर प्राइवेट वाहनों के साथ जीएमओयू की बसों का संचालन भी होता है। जिससे क्षेत्र के लोगों को हरिद्वार पहुंचने में आसानी रहती है। उन्होंने मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर संगठन के महासचिव मधूसूदन सिंह नेगी, पुरुषोतम डबराल, भगवती प्रसाद डबराल, चंद्रपाल कंडारी, नरेंद्र सिंह नेगी, अनिल जोशी, दिनेश नेगी, मंगत कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## मनीष रमोला ने पास की यूपीएससी की असिस्टेंट कमांडेड परीक्षा

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर कोतवाली के अंतर्गत बाजार चौकी इंचार्ज एसआई रणवीर चंद्र रमोला के पुत्र मनीष चंद्र रमोला ने यूपीएससी द्वारा आयोजित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की असिस्टेंट कमांडेड की परीक्षा पास की है। जिससे श्रीनगर सहित मनीष के घर परिवार में खुशी का माहौल है। मनीष मूल रूप से टिहरी जिले के चंबा कखवाड़ी गांव के निवासी हैं। उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव का नाम भी रोशन किया है।

श्रीनगर बाजार चौकी प्रभारी रणवीर चंद्र रमोला ने बताया कि मनीष ने वर्ष 2022 में यूपीएससी की परीक्षा दी थी। गत छह अक्तूबर को यूपीएससी द्वारा फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि मनीष ने अपनी स्कूली शिक्षा देहरादून डीएवी पब्लिक स्कूल तथा डीएवी कॉलेज दून से ग्रेजुएशन किया। जिसके बाद उसने सिविल सर्विसेज की तैयारी की। कहा कि मनीष का असिस्टेंट कमांडेंट के लिए अंतिम रूप से चयन होने पर घर परिवार में खुशी है। मनीष की मां बबली देवी ने बताया कि उनका बेटा पहले से ही पढ़ाई के प्रति सजग रहता है, उसकी सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। कहा मनीष ने डीएलएड की परीक्षा भी पास की है। श्रीनगर कोतवाली निरीक्षक विनोद गुंसाई सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों व जवानों ने भी एसआई रमोला को उनके बेटे के यूपीएससी परीक्षा पास करने पर बधाई दी है। (एजेंसी)

## बंगाल इंजीनियर ग्रुप के गौरव सेनानियों की बैठक आज

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बंगाल इंजीनियर ग्रुप के गौरव सेनानियों की समिति की आठ अक्तूबर को कोटद्वार के विजय गार्डन में बैठक बुलाई गई है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष दिवाकर लखेड़ा और महासचिव रमेश पुंडीर ने दी। बताया कि बैठक रविवार को सुबह 10:30 बजे बुलाई गई है। जिसमें आगामी 7 नवंबर को ग्रुप का 221वां स्थापना दिवस मनाने के लिए चर्चा की जाएगी। उन्होंने समिति से जुड़े सभी पूर्व सैनिकों से बैठक में समय पर पहुंचने की अपील की है।

# पटोटिया में खोली जाएगी गोशाला, किया निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : सड़कों पर धूम रहे गोवंशों के संरक्षण के लिए जल्द ही धुमाकोट के पटोटिया में गोशाला निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए गोसेवा आयोग के अध्यक्ष पंड़ित राजेंद्र अण्थ्वाल ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन समस्याएं सुनते हुए जल्द ही उनके निराकरण का भी आश्वासन दिया।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से सुझाई गई भूमि का निरीक्षण किया गया है। करीब 15 नाली भूमि में गोशाला बनाने का प्रस्ताव है। भूमि उपलब्ध होते ही राजस्व विभाग की ओर से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। इससे लोगों को निराश्रित पशुओं के आतंक से निजात मिल सकेगी। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का भी लाभ लेने की अपील की। कहा कि ग्रामीणों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर आयोग के सदस्य धर्मवीर गुसाई, तहसीलदार विकास अवस्थी, कानून गो, राजस्व उपनिरीक्षक, पशुपालन विभाग के कर्मचारी और भाजपा के मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी मौजूद रहे।



धुमाकोट में गौशाला के लिए भूमि का निरीक्षण करते आयोग के अध्यक्ष व अन्य

## पुलिस चौकियों में महिला पुलिस नियुक्त की जाए

**श्रीनगर गढ़वाल** : भाजपा पौड़ी जिला कार्यकारिणी सदस्य कुशलानाथ ने जनपद की समस्त पुलिस चौकियों में महिला पुलिस नियुक्त करने की मांग की है।

इस संदर्भ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि जनपद पौड़ी के समस्त थानों के अंतर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों में महिला हेड कांस्टेबल को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि चौकियों में महिला कांस्टेबल होने से महिलाएं अपनी बात को खुल कर बता सकती हैं। कहा कि सूचना अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार जनपद की 18 पुलिस चौकियों तथा 8 देखरेख पुलिस चौकियों में महिला हेड कांस्टेबल या महिला सिपाही नहीं है। उन्होंने समस्त पुलिस चौकियों में महिला पुलिस नियुक्त किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## नशा तस्कर को छः माह के लिए किया तड़ी पार

**श्रीनगर गढ़वाल** : कोतवाली पुलिस श्रीनगर ने एक नशा तस्कर को छह माह के लिए जिला बदर (तड़ी पार) किया है। डीएम पौड़ी डा. आशीष चौहान ने गुंडा एक्ट के तहत नशा तस्कर को जिला बदर करने का आदेश जारी किया था। जिस पर एसएसपी पौड़ी ने कोतवाली श्रीनगर को तत्काल नशा तस्कर को जिला बदर किए जाने की कार्रवाई को अमल में लाए जाने के निर्देश दिए। शनिवार को कोतवाली पुलिस श्रीनगर ने नशा तस्कर को पौड़ी जिले की सीमा से बाहर भेजा। आरोपी पर श्रीनगर कोतवाली में पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया कि जिला बदर नशा तस्कर लंबे समय से शराब तस्करी में संलिप्त रहा है। तस्करी में संलिप्तता को देखते हुए गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। इस मामले में जिला मजिस्ट्रेट पौड़ी गढ़वाल डा. आशीष चौहान ने नशा तस्कर के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को छह माह के लिए जिला बदर (तड़ीपार) किए जाने का आदेश जारी किया। जिला मजिस्ट्रेट पौड़ी के आदेश व एसएसपी पौड़ी के निर्देश पर नशा तस्करी के आरोपी योगेंद्र सिंह रावत श्रीकोट गंगानाली को तत्काल जनपद से बाहर कर दिया गया है। (एजेंसी)

## मरीजों को खिलाया गढ़भोज

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर उप जिला अस्पताल में मरीजों को गढ़भोज दिवस पर अस्पताल प्रशासन की ओर से गढ़भोज कराया गया। जिसमें पहाड़ी उत्पादों से तैयार झंगोरा, मडुए की रोटी, हरी सब्जी व चैंसा शामिल रहा।मरीजों ने गढ़भोज मिलने पर खुशी जताते हुए इसे सरकार की बेहतर पहल बताया। मौके पर अस्पताल की प्रभारी सीएमएस डा. हेमलता बुटोला ने कहा कि शासन की ओर से अस्पतालों में मरीजों को गढ़भोज उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि पहाड़ी उत्पाद स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभदायक हैं। इन उत्पादों को प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। इस मौके पर अस्पताल के डा. रचित गर्ग, भानु प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## आज होगी क्षेत्रीय विकास एवं संघर्ष समिति की बैठक

**श्रीनगर गढ़वाल** : लक्ष्मोली-हडिमधार पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारू न रहने व अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर क्षेत्रीय विकास एवं संघर्ष समिति की मायादेवी खाल में बैठक रविवार को आहुत की गई है। बैठक में पेयजल की आपूर्ति सुचारू न रहने व अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा के साथ ही अग्रिम रणनीति भी बनाई जाएगी। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में एक माह से पेयजल की आपूर्ति गड़बड़ाई हुई है। जिससे क्षेत्र में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

युवा जन संघर्ष मंच हिंसरियाखाल–पाटाखाल क्षेत्र के अध्यक्ष अजय सेमवाल ने कहा कि पेयजल आपूर्ति सहित अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारी जनता को गुमराह करते आ रहे हैं। जिसका भुगतभोगी आम जनता को बनना पड़ रहा है। कहा 8 अक्तूबर को इसके विरोध स्वरूप मायादेवी खाल में क्षेत्रीय विकास एवं संघर्ष समिति की ओर से बैठक रखी गई है। जिसमें आंदोलन की रणनीति पर विचार किया जाएगा। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता नरेश पाल ने कहा कि लक्ष्मोली–हड़िमधार योजना के इंफिल्टरेशन टैंक में सिल्ट भर जाने से पानी की दिक्कत हो रही थी। अब इसका समाधान कर पंपिंग शुरू कर दी गई है। (एजेंसी)

# जीआईसी मजखाली में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी कटारमल, अल्मोड़ा के जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबंधन केन्द्र द्वारा राजकीय इंटर कालेज मजखाली, जनपद अल्मोड़ा में वन्यजीव सप्ताह के अर्न्तगत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजेश पाण्डे, प्राध्यापक राजकीय इंटर कालेज मजखाली ने वन्यजीव सप्ताह के महत्व, संरक्षण प्रयासों, जनमानस की भागीदारी की जानकारी दी। इसी क्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आशीष पाण्डे द्वारा संस्थान द्वारा भारतीय हिमालयी क्षेत्रों में किये जा रहे प्रयासों एवं शोध परियोजनाओं पर प्रकाश डाला तथा 69वीं वन्यजीव सप्ताह के ऊपर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1952 से वन्य जीव सुरक्षा हेतु प्रारम्भ की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य संकटग्रस्त वन्यजीवों की रक्षा करना एवं जन–समुदायों को जागरूक करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र टम्टा ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के उदाहरण देकर वन्य जीवों के महत्वता एवं संरक्षण विषय पर जानाकरी दी।

## डीएम ने की चौगांवछीना में धान की कटाई

बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र चौगांवछीना के गडियागांव में धान फसल की क्राप कटिंग की और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि धान फसल के निर्धारित प्लाट 30 वर्ग मीटर में फसल कटाई की गई।16.10 किग्रा उपज प्राप्त हुई। ड्राई रेसियों 82 प्रतिशत लगाने के उपरांत 13.20 किग्रा धान उपज प्राप्त हुई।

खेत की औसत उपज 39 क्विंटल प्रति हेक्टेयर निकली। ग्राम गडियागांव के काश्तकार महेश चंद्र भट्ट पुत्र नंदाबल्लभ के चयनित खेत में निर्धारित 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर धान फसल कटाई हुई। धान फसल की कटाई का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023–24 में धान की औसत उपज का अनुमान लगाने के लिए किया गया।

# ऑटोमेशन और रोबोटिक्स क्रांति के उभरते आयाम पर की चर्चा

काशीपुर। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में वार्षिक एचआर कॉन्क्लेव 'समन्वय 2023 के दौरान 'ह्यूमन रेनेसां–अनलीशिंग द पावर ऑफ ऑटोमेशन विषय पर सत्र का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने ऑटोमेशन और रोबोटिक्स क्रांति के उभरते आयाम पर चर्चा की। शनिवार को समन्वय 2023 के पहले सत्र में उद्योगों के प्रमुख मानव संसाधन विशेषज्ञों की भागीदारी देखी गई। इससे ज्ञान के आदान–प्रदान और नेटवर्किंग के माहौल को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता हीरो मोटोकॉर्प के विनिर्माण ह्यूमन रिसोर्स हेड डॉ. प्रद्युम्न पांडे, देबलीना रॉय वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में जनरल मैनेजर, राजीव नैथानी इन्फोगैन के चीफ पीपुल ऑफिसर और राहुल पखले जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड के सीनियर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर रहे। आईआईएम के संकाय प्रोफेसर मृदुल माहेश्वरी ने सत्र का संचालन किया। वक्ताओं ने ऑटोमेशन और रोबोटिक्स क्रांति के उभरते आयाम पर चर्चा की। कहा कि ऐसे समय में जब मानव संसाधन प्रबंधक व्यापक पुनप्रशिक्षण और पुनः कौशल कार्यक्रम विकसित करने के लिए कमर कस रहे हैं, यह सक्रिय दृष्टिकोण कर्मचारियों पर प्रौद्योगिकी के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करता है। मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इस विकास में न केवल मानव संसाधन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने बल्कि नियुक्ति संबंधी निर्णय लेने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वक्ताओं ने व्यक्तिगत कौशल के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया। डॉ. प्रद्युम्न पांडे ने कहा कि शुरुआत में ऑटोमेशन मेरा प्राथमिक फोकस नहीं था, लेकिन महामारी की शुरुआत ने ऑटोमेशन तकनीक की अपरिहार्यता पर जोर दिया है।

यह महत्वपूर्ण है कि हम वर्तमान जरूरतों के अनुरूप ढलें। राजीव नैथानी ने अनुभव साझा किए। देबलीना रॉय ने प्रतिभा, क्षमता, और विविधता, और समावेशन के महत्व पर प्रकाश डाला। राहुल पखाले ने संगठन में बदलाव लाने के लिए विश्लेषण और प्रदर्शन प्रबंधन के महत्व पर चर्चा की।

# 13स्वर्ण पदक के साथ राइंका बोहाला बना चैंपियन

बागेश्वर। शिवालय मैदान काफलीगैर में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हो गया है। राइंका बोहाला 13 स्वर्ण पदक के साथ चैंपियन बना । राइंका सैंज 12 व राइंका काफलीगैर, 11 स्र्वण के साथ क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि अल्मोड़ा मैग्नेसाइड फैक्ट्री के प्रबंधन ललित कांडपाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं। जरूरत बेहतर मंच की है। चक्का क्षेपण के बालक वर्ग में नमन सनवाल प्रथम, बालिका में हेमंती जनौटी प्रथम स्थान पर रहे। 3000 मीटर के बालक वर्ग की दौड़ में राजा व बालिका में रश्मि प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह पांच हजार मीटर की बालक वर्ग में इशान सिंह, बालिका में अंजलि अव्वल रहे। भाला क्षेपण बालक वर्ग कृष्णा सिंह, मेहंदी प्रतियागिता दीपिका रौतेला, ऐपण में शिवानी रौतेला, लोकगीत बालिका वर्ग सपना भट्ट, बालक प्रिंस रौतेला, लोकनृत्य बालिका में रिया व उनकी टीम अव्वल रही। संयोजक प्रधानाचार्य राजीव निगम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में समस्त व्यायाम शिक्षकों एवं टीम प्रभारियों का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने सभी के सहयोग के प्रति अभार जताया। 10 अक्टूबर को काफलीगैर जोन की प्रतियोगिता होगी। विजेता खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इस मौके पर अभियंता मनीष टम्टा, राजेंद्र प्रसाद, सत्यनारायण गौतम, हरीश राम, किरन प्रसाद जीवन लाल, कैलाश कुमार, अखिलेश असवाल आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी की रैली में शामिल होंगे भाजपाई

चम्पावत। धूरा अमोड़ी मंडल से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पीएम की रैली में शामिल होंगे। रैली को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंडल अध्यक्ष नवीन भट्ट की अध्यक्षता में हुइ बैठक में जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील की। बताया कि मंडल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पिथौरागढ़ रवाना होंगे।

## बिजली चोरी करते 8 लोगों पर केस दर्ज

रुद्रपुर। ऊर्जा निगम की टीम ने ग्रामीण क्षेत्र के आनंदखेड़ा ग्राम सभा में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। यहां कटिया डालकर आठ लोग बिजली चोरी करते मिले। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं कुछ बकायदारों का बिजली कनेक्शन भी काटा गया है। दिनेशपुर ऊर्जा निगम के अवर अभियंता अफशान सैफी ने बताया कि अधीक्षण अभियंता रुद्रपुर शेखर चंद्र त्रिपाठी के निर्देश पर आनंद खेड़ा नंबर दो गांव में विद्युत चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। गांव में आठ लोग बिजली चोरी करते मिले। इनमें निर्मल सिंह, जनरल सिंह, करनैल सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरु दर्शन, हरजीत सिंह, जसविंदर सिंह और साहब सिंह के खिलाफ विद्युत अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण



अल्मोड़ा। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने आज जागेश्वर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे साफ सफाई, रंग रोगन जैसे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने फ्लीट रूट का भी निरीक्षण किया तथा इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कुमाऊं कमिश्नर शौकियाथल हेलीपैड पहुंचे, जहाँ उन्होंने हेलीपैड के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी हो जाएं तथा कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का पालन तत्परता से सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंधाधुंध फायरिंग व जानलेवा हमले का इनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलिस ने हाईवे पर अंधाधुंध फायरिंग कर जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी व 25 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 12 बोर का तमंचा भी बरामद हुआ है। विवेचना में गैंग के और साथियों के नाम सामने आए हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। 30 सितंबर की रात किच्छा बाईपास पर ढाबे के पास कार सवारों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। ढाबे के कर्मचारियों व वहां मौजूद कार सवारों ने भागकर अपनी जान बचाई थी। छर्रे लगने से सर्वजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी तुर्कातिसौर, गुरनाम सिंह पुत्र सतनाम सिंह, सतेंद्र सिंह पुत्र संतोष सिंह, मोहर सिंह निवासी दड़हा घायल हो गए थे। सर्वजीत सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। ढाबा स्वामी ग्राम दड़हा निवासी सतेंद्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए गठित टीमों ने मुख्य आरोपी सर्वजीत सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी शीशगढ़, बरेली हाल निवासी गढ़ी पट्टी नानकमत्ता को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि मुख्य आरोपी से पूछताछ में ग्राम कनेटी थाना बहेड़ी जिला बरेली यूपी निवासी सतविंदर सिंह उर्फ सोनू कनेटी, ग्राम मकराई निवासी चंचल सिंह उर्फ सोनू गंजा, माधोपुर निवासी जगदीश उर्फ जग्गू पंडित, देवीपुरा खेमपुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी कहलो, पहाड़गंज रुद्रपुर निवासी बलजिंदर सिंह उर्फ बल्ली, राहुल, किच्छा निवासी विजय यादव, रतपुर गांव निवासी गगन रतनपुरिया व तीन–चार अन्य के नाम सामने आए हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। बताया कि आरोपियों का कुल्हाराफार्म में जन्मदिन पार्टी के दौरान दो लोगों से विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपी उन्हें मारने की साजिश रचकर असलहों के साथ ढाबे पर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

## नाइट ड्यूटी में लापरवाही पर पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

रुद्रपुर। एसएसपी ने काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र में नाइट ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक दरोगा सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। ये सभी नाइट ड्यूटी छोड़ एक होटल में बैठे हुए थे। शनिवार को एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जिले में कानून और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने खुद पिछले सप्ताह सिडकुल क्षेत्र में रात को अचानक निरीक्षण किया था। शुक्रवार को एएसपी काशीपुर अभय सिंह ने आईटीआई थाना क्षेत्र में गश्त और डायल 112 को लेकर चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि दोनों पैट्रोलिंग कार एक पार्क में खड़ी हैं और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी गायब हैं। एएसपी ने फोन पर जानकारी ली तो सभी ने खुद के पैट्रोलिंग कार में होने की बात कही। इस पर एएसपी ने जब पता लगवाया तो जानकारी मिली कि सभी एक होटल में बैठे हुए हैं।

# गढ़भोज दिवस पर दी पर्वतीय अनाजों के औषधीय गुणों की जानकारी

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गढ़भोज दिवस पर आयोजित सेमिनार में पर्वतीय क्षेत्र में पाये जाने वाले अनाज व औषधि का स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्व की जानकारी दी गई। शनिवार को कॉलेज परिसर में आयोजित सेमिनार में असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. गीता मेहरा, प्राची धौलाखंडी और डॉ. मीनाक्षी पंत ने छात्राओं को उत्तराखंड के औषधीय गुणों से भरपूर फसलों से बनने वाले भोजन के बारे में बताया। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र में होने वाले भट्ट, गहत, मडुवा, झिंगोरा, काला और सफेद जीरा, लोबिया व तूर का स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्व व उससे बनने वाली रेसिपी की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने पर्वतीय क्षेत्रों में पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सब्जियों को औषधि के रूप में प्रयोग करने की जानकारी दी। कहा कि सेमिनार का उद्देश्य प्राकृतिक संपदा का संरक्षण, पहाड़ी भोजन को पहचान दिलाना एवं उसका प्रचार–प्रसार करना है। यहां एसो.प्रो. डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ.वंदना सिंह, असि. प्रो. डॉ.अंजलि गोस्वामी, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, शीतल अरोरा, डॉ.पुष्पा धामा, डॉ. मंगला, डॉ. ज्योति गोयल, किरन, शिवानी साह, पवन कुमार, सृष्टि सिंह आदि मौजूद रहे।

# बकाया भुगतान तक जारी रहेगा सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं का बंद

अल्मोड़ा। पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष संजय शाह रिक्खू ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तेरह माह का बकाया और मानदेय संबंधित मांगों को लेकर जो अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया था उस मांग को लेकर आज सातवें दिन भी पूरे जिले में राशन की सभी दुकानें बंद रही और किसी ने भी माल नहीं उठाया।

जिसकी वजह से हजारों की संख्या में उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परंतु एक हफ्ता बंद होने के उपरांत भी सरकार के कान में जू नहीं रेंग रही है। अभी तक उनके प्रतिनिधि के रूप में किसी ने भी जिला संगठन से बात करने की कोशिश नहीं की। इसी से लगता है कि आज गरीब के विषय में सुनने वाला कोई नहीं है। जब तक तेरह माह की बकाया धनराशि डीलरों के खाते में नहीं आएगी और मानदेय के संदर्भ में कोई ठोस कदम सरकार द्वारा नहीं लिया जाएगा तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वहीं अगर किसी डीलर ने छुप–छुप कर राशन बेचने की कोशिश की तो उसके खिलाफ संगठन के द्वारा ठोस से ठोस कार्रवाई की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उस दुकानदार की होगी। उन्होंने अल्मोड़ा जिले के सभी डीलरों से निवेदन किया कि बुधवार को अपने गोदाम में जाकर 12 बजे धरना प्रदर्शन करके इस आंदोलन को और ताकत देने का काम करें।

## 49 बाहरी लोगों का सत्यापन किया

पिथौरागढ़। सीमांत में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने जिला मुख्यालय सहित विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर फड़, फेरी लगाने वालो के साथ ही मजदूरों व अन्य 49 लोगों को सत्यापन किया।

एसपी ने सभी बाहरी लोगों से अपना सत्यापन अनिवार्य तौर पर कराने को कहा है।

## मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी लगाने के निर्देश

चम्पावत। विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी लगाने और एक्सपायरी दवाओं के रखरखाव के लिए निर्देश दिए।

शनिवार को औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने लोहाघाट, खेतीखान, धूनाघाट और पाटी बाजार में दवाओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दवा विक्रेताओं से दवाओं के रखरखाव, प्रतिबंधित दवाओं के क्रय–विक्रय रजिस्टर बनाने, सीसीटीवी लगाने और दुकानों में एक्सपायरी दवाओं के लिए अलग से एक्सपायरी बॉक्स बनाने के निर्देश दिए।

# ब्लॉक स्तरीय महोत्सव में 30 विद्यालयों के 300 बाल वैज्ञानिकों ने लिया भाग



रुद्रपुर। एसीईआरटी उत्तराखंड और समग्र शिक्षा अभियान ने खंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन सेंट पैटिक इंटर कालेज पोलीगंज में किया। शुभारम्भ बीईओ तरुण पत, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य मुन्ना लाल सरोज तथा कार्यक्रम संयोजक निर्मल कुमार न्योलिया ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव में विकास खंड के 30 विद्यालयों के लगभग 300 बाल वैज्ञानिकों और 25 विज्ञान अध्यापकों ने विभिन्न विज्ञान गतिविधियों में प्रतिभाग किया। यूपी सीमा पर स्थित विद्यालय में आयोजित विज्ञान महोत्सव के पांच विषय रहे। इसका मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी रहा। उप विषय स्वास्थ्य के जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा राय राणा प्रताप इंटर कॉलेज एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान उजमा सेंट पैटिक कालेज रहे। उपविषय पर्यावरण में जीवनशैली में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान सोरित कश्यप थारू इण्टर कालेज एवं सीनियर वर्ग में गौरव भटट् डायनेटी गुरुकुल छिनकी प्रथम रहे।

उपविषय कृषि जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान महिमा राउमावि मोहम्मदपुर मुड़िया एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान राहुल मेहरा राणा प्रताप इंटर कॉलेज रहे।

# गदरपुर से अंतरराज्यीय हथियार सप्लायर गिरफ्तार



रुद्रपुर। एसटीएफ ने उत्तराखंड–यूपी की सीमा से लगे कलकत्ती के जंगल में अपने साथियों के साथ अवैध असलाह बनाकर अन्य राज्यों में सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी वचन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ थाना गदरपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शनिवार को पंतनगर स्थित एसटीएफ कार्यालय में सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को टीम को सूचना मिली कि एक युवक के घर में हथियारों की बड़ी खेप आई है। इस पर एसटीएफ और थाना गदरपुर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। शुक्रवार देर रात टीम ने ग्राम खुशहालपुर गदरपुर निवासी वचन सिंह पुत्र हुजूर सिंह के घर पर छापा मारा। इस दौरान टीम को उसके घर से 12 बोर की दो देसी पौनिया, 315 बोर के दो तमंचे और 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ।

## लावारिस पशुओं को पकड़ने के लिए नगर पंचायत ने चलाया अभियान

चम्पावत। बनबसा –नगर पंचायत की चैयरमेन रेनु अग्रवाल के निर्देश पर लावारिस पशुओं को पकड़ने के लिए शनिवार को नगर में अभियान चलाया गया। अभियान में करीब 30 आवारा पशुओं को पकड़ कर नगर पंचायत कर्मियों ने गोशाला भेज दिया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी दीपक चन्द्र बुढ़ाकोटी ने बताया कि नगर में आवारा पशु आम जनता के लिए खतरनाक साबित हो रहे है आए दिन इनकी झुंड सड़को पर दिखाई देती है जो की बड़ी दुर्घटना को दावत देती हैं।

# प्लस अप्रोच फाउंडेशन दिल्ली ने आपदा प्रभावित गाँव मयोली के पाँच लोगों को प्रदान किए नए घर

अल्मोड़ा(आरएनएस)। प्लस अप्रोच फाउंडेशन दिल्ली ने आपदा प्रभावित मयोली धौलादेवी गाँव के पाँच लोगों को नए मकान बना कर दिए हैं। नए मकान से जरूरतमंद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। विधायक मोहन सिंह मेहरा ने एक कार्यक्रम में जरुरतमंद लाभार्थी आनन्द राम, जगदीश राम, पूरन राम आदि को नए घर सौंपे। कार्यक्रम में तहसीलदार भनोली बरखा, प्लस एप्रोच संस्था प्रतिनिधि मनोज सनवाल, कृष्णकांत तिवारी एवं ग्राम प्रधान गोकुल भट्ट, खीमानन्द पालीवाल ,डी के जोशी लक्ष्मण सिंह डसीला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्लस एप्रोच संस्था द्वारा अनेकों जरुरतमंदों को पूर्व में भी सहायता प्रदान की जाती रही है। जिसके तहत शितलाखेत के ग्राम मटीला में भी जरूरतमंद ग्रामीणों को मकान दिए गए तथा डोबा निवासी दिव्यांग सौरभ तिवारी व तीन भाई बहनों को मकान हेतु एक लाख पचास हजार रूपये की मदद की गई। ग्राम बज्वार में भी दो जरूरतमंद युवतियों के विवाह करवाने में भी संस्था द्वारा मदद दी गई। संस्था द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए शारदा पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन में भी आर्थिक सहयोग किया गया।

## जम्मू कश्मीर में दौड़ेगा जसपुर का ईशान

काशीपुर। नगर का मो. ईशान अब जम्मू कश्मीर में दौड़ेगा। बीते दिनों महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में उत्तराखंड स्टेट एथलेटिक्स एसो. द्वारा आयोजित उत्तराखंड एथलेटिक मीट में मो. ईशान ने 100 मीटर रेस में पहला स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया ।

# कार्यालयः- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल

पत्रांकः- 3036/ ट्रेड0लाई0/संशो0दरें0/2023/24 दिनांकः- 07.10.2023

## सार्वजनिक सूचना

## व्यावसायिक उपविधि -2019 (संशोधित -2023)

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 541 (1), (42) में प्रदत्त शाक्तियों का उपयोग कर नगर निगम द्वारा गठित व्यावसायिक लाईसेंस उपविधि 2019 दिनांक 23 दिसम्बर 2019 में बोर्ड बैठक दिनांक 5/10/2023 में पारित प्रस्ताव सं0 02 के द्वारा लाईसेंस हेतु मतवार दरों में निम्नुसार संशोधन प्रस्ताव पारित किया गया।

संशोधित दरों पर जनसामान्य से आपत्ति एवं सुझाव नगर निगम द्वारा आमन्त्रित है। जनसामान्य/हितबद्ध व्यक्ति/संस्था निम्नलिखित संशोधित प्रस्ताव के सामाचार पत्र में प्रकाशन के 1 माह के भीतर नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का प्रकार | नगर निगम कोटद्वार में (वर्तमान दर) ट्रेड लाईसेन्स शुल्क | नयी संशोधित दर |
|---|---|---|---|
| 01 | बैकट हॉल | 10000.00 | 10000.00 |
| 02 | होटल, लॉजिंग तथा गेस्ट हाउस 10 बेड तक | 3000.00 | 1500.00 |
| 03 | होटल, लॉजिंग तथा गेस्ट हाउस 11 बेड से 15 बेड तक | 4000.00 | 2000.00 |
| 04 | बिना स्टार होटल 16 बेड से 20 बेड तक | 5000.00 | 2500.00 |
| 05 | बिना स्टार होटल 21 बेड से 30 बेड तक | 8000.00 | 3000.00 |
| 06 | बिना स्टार होटल 31 बेड से 40 बेड तक | 10000.00 | 3500.00 |
| 07 | बिना स्टार होटल 41 बेड से 50 बेड तक | 14000.00 | 4000.00 |
| 08 | तीन सितारा होटल | 50000.00 | 10000.00 |
| 09 | पॉच सितारा होटल | 100000.00 | 25000.00 |
| 10 | रेस्टोरेन्ट 8 टेवल तक | 2000.00 | 500.00 |
| 11 | रेस्टोरेन्ट 8 टेवल से उपर | | 1500.00 |
| | हॉस्पिटल/नर्सिग होम | | |
| 12 | हॉस्पिटल/नर्सिग होम/01 से 20 बेड तक (मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल) | 10000.00 | 5000.00 |
| 13 | हॉस्पिटल/ नर्सिग होम/21 से 50 बेड तक (मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल) | 12000.00 | 5000.00 |
| 14 | हॉस्पिटल/ नर्सिग होम/51 से 100 बेड तक (मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल) | 18000.00 | 5000.00 |
| 15 | हॉस्पिटल/ नर्सिग होम/101 बेड से उपर (मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल) | 20000.00 | 5000.00 |
| 16 | पैथोलॉजी | 4000.00 | 2000.00 |
| 17 | अल्ट्रासाउण्ड/सी0टी0 स्कैन/एक्सरे | 4000.00 | 2000.00 |
| 18 | डायगोनेस्टिक सेन्टर | 10000.00 | 2000.00 |
| 19 | मेडिकल शॉप/आयुवैदिक शॉप<br>मेडिकल जेनरिक | 4000.00 | 1000.00<br>500.00 |
| 20 | डेंटल क्लीनिक | 5000.00 | 1000.00 |
| 21 | प्राईवेट क्लीनिक | 6000.00 | 1500.00 |
| 22 | यूनानी/आर्युवैदिक/होम्योपैथिक क्लीनिक | 6000.00 | 500.00 |
| | परिवहन | | |
| 23 | ट्रॉसपोर्ट (बिना वाहन ऐजेन्सी) | 7200.00 | 2000.00 |
| 24 | ट्रॉसपोर्ट ऐजेन्सी वाहन सहित | 14400.00 | 3000.00 |
| 25 | स्कूटर ऐजेन्सी | 6000.00 | X |
| 26 | मोटर वाहन ऐजेन्सी सैल्स अथवा सर्विस + स्कूटर | 10000.00 | 5000.00 |
| 27 | साईकिल की दुकान, सेल्स अथवा सर्विस | 1000.00 | 1000.00 |
| 28 | रिक्शा की दुकान, सेल्स अथवा सर्विस | 1000.00 | 1000.00 |
| | पेट्रोलियम | | |
| 29 | पेट्रोल पम्प/डीजल पम्प थोक (ऑयल कम्पनी) | 10000.00 | 5000.00 |
| 30 | पेट्रोल पम्प/डीजल की दुकान | 8000.00 | 2800.00 |
| 31 | जनरेटर डीजल व्यवसायिक | 2400.00 | 1000.00 |
| 32 | दुकान, अन्य पेट्रोलियम पदार्थ मोबिल ऑयल आदि | 2400.00 | 1000.00 |
| | अन्य व्यवसाय | | |
| 33 | आटा चक्की | 3000.00 | 500.00 |
| 34 | धुलाई गृह | 1000.00 | 250.00 |
| 35 | ड्राईक्लीनर/लान्ड्री | 1400.00 | 500.00 |
| 36 | साबुन फैक्ट्री | 3000.00 | 1000.00 |
| 37 | आईसक्रीम फैक्ट्री, कोल्ड ड्रिंक, सोडा वॉटर फैक्ट्री | 3000.00 | 1000.00 |
| 38 | कबाडी | 4000.00 | 500.00 |
| 39 | चूना भट्टी | 1000.00 | 500.00 |
| 40 | 1- जूते, कपडे, शोरूम ब्राण्डेड | 10000.00 | 5000.00 |
| | 2- जूते कपडे शोरूम नॉन ब्राण्डेड | 6000.00 | 1000.00 |
| | 3- शॉपिंग मॉल ब्राण्डेड | 30000.00 | 25000.00 |
| | 4- छोटी दुकान | | 500.00 |
| | 5- कपडे, जूते की दुकान | 1000.00 | 2000.00 |
| 41 | लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, ईट, रेता पत्थर मारबल, टाईल्स सैनेटरी हार्डवेयर आदि के फुटकर विक्रेता | 8000.00 | 5000.00 |
| 42 | लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, ईट, रेता पत्थर मारबल, टाईल्स सैनेटरी हार्डवेयर आदि के थोक विक्रेता | | 1000.00 |
| 43 | बिजली का सामान विक्रेता ब्राण्डेड | 2000.00 | 1000.00 |
| 44 | बिजली का सामान विक्रेता | | 500.00 |
| 45 | बेकरी उद्योग व्यवसाय | 4000.00 | 1000.00 |
| 46 | हेयर कटिंग सैलून | 1000.00 | 1000.00 |
| 47 | हेयर कटिंग सैलून | | 500.00 |
| 48 | ब्यूटी पार्लर | 2000.00 | 2000.00 |
| 49 | ब्यूटी पार्लर | | 1000.00 |
| 50 | कुकिंग गैस ऐजेन्सी | 3000.00 | 1000.00 |
| 51 | जनरल स्टोर थोक | 4000.00 | 2000.00 |
| 52 | टेलरिंग हाउस | | 1000.00 |
| 53 | टेलर | 3000.00 | 500.00 |
| 54 | कोयला थोक विक्रेता | 4000.00 | 1000.00 |
| 55 | फ्लोर मिल | 10000.00 | 2000.00 |
| 56 | 1- ब्राण्डेड ज्वैल्र्स की दुकान | 10000.00 | 5000.00 |
| | 2- नॉन ब्राण्डेड ज्वैल्र्स की दुकान | 5000.00 | 2500.00 |
| 57 | डेयरी फार्म | 4000.00 | 1000.00 |
| 58 | भूसा | 4000.00 | 1000.00 |
| 59 | आर्किटेक्ट कन्सलटेंस, विधि चार्टड एकाउन्टेट, कास्ट एकाउन्टेट | 20000.00 | 5000.00 |
| 60 | फाईनेन्स कम्पनी चिट फण्ड | 30000.00 | 5000.00 |
| 61 | फाईनेन्स कम्पनी प्रति शाखा | 30000.00 | 5000.00 |
| 62 | जनरल स्टोर (किराना विक्रेता) | 2000.00 | 1000.00 |
| 63 | बार वियर | 30000.00 | 15000.00 |
| 64 | आईस फैक्ट्री | 6000.00 | 1000.00 |
| 65 | टेन्ट हाउस | 10000.00 | 2500.00 |
| 66 | किताबों की दुकान | 4000.00 | 500.00 |
| 67 | टी0वी0, फ्रिज, इलैक्टानिक्स सामान विक्रेता आदि | 12000.00 | 2000.00 |
| 68 | फर्टिलाईजर शॉप | 2000.00 | 1000.00 |
| 69 | मिठाई की दुकान | 2000.00 | 1000.00 |
| 70 | सब्जी/फल की दुकान | 2000.00 | 500.00 |
| 71 | सब्जी/फल की आढत | 2000.00 | 1000.00 |
| 72 | देशी शराब की दुकान | 30000.00 | 5000.00 |
| 73 | अंग्रेजी शराब की दुकान | 50000.00 | 25000.00 |
| 74 | फर्नीचर का शोरूम | 1000.00 | 2000.00 |
| 75 | फर्नीचर की दुकान | 4000.00 | 1000.00 |
| 76 | स्टोन क्रेशर | 30000.00 | |
| 77 | साउण्ड डी0जे0 की दुकान | 4000.00 | 500.00 |
| 78 | एम्पलीफायर लाईसेन्स | 500 | 500.00 |
| 80 | बैण्ड मास्टर की दुकान | 4000.00 | 500.00 |
| 81 | फोटो स्टूडियों/विडियो फिल्म मेकर/साईबर कैफे/ विडियों गेम्स की दुकान | 4000.00 | 1000.00 |
| 82 | प्रिंटिग प्रेस | 10000.00 | 1000.00 |
| 83 | 1-कम्पयूटर प्रशिक्षण केन्द्र फैचाईजी प्राप्त<br>2-अन्य कम्पयूटर प्रशिक्षण केन्द्र (व्यक्तिगत) की दुकान | 4000.00<br>2000.00 | 2000.00<br>1000.00 |
| 84 | 1-कोचिंग सेन्टर रजिस्टर्ड फैचाईजी प्राप्त<br>2- कोचिंग सेन्टर रजिस्टर्ड व्यक्तिगत | 10000.00<br>6000.00 | 2000.00<br>1000.00 |
| | धर्मकांटा | 2000.00 | 1000.00 |
| 85 | 1- रिक्शा लाईसेन्स स्वंय का रिक्शा | 600.00 | 250.00 |
| 86 | 2- रिक्शा लाईसेन्स किराया का रिक्शा | 1000.00 | 500.00 |
| 87 | 3- रिक्शा चालक का लाईसेन्स | 200.00 | 200.00 |
| | 4- रिक्शा चालक चिकित्सा शुल्क | 100.00 | 100.00 |
| | 5-ई-रिक्शा | 2000.00 | 500.00 |
| | 6-एम्पीपायर लाईसेन्स | 300.00 | 300.00 |
| | 7- प्रचार शुल्क | 50.00 | 50.00 |
| 88 | तॉगा, बूगी हाथ ठेला लाईसेन्स<br>उक्त सूची के अलावा अन्य लाईसेन्स | 1000.00<br>200.00 | 100.00<br>500.00 |
| 89 | मेला एंव प्रदर्शनी हेतु अस्थाई लाईसेन्स | 1000.00 प्रति वर्गमीटर प्रतिदिन | 5 रू0 प्रतिवर्ग मीटर प्रतिदिन |
| 90 | जिम/व्यायामशाला/खेल इत्यादि | 4000.00 | 500.00 |
| 91 | जिम/व्यायामशाला/खेल इत्यादि वातानुकुलित | | 1000.00 |
| 92 | सिनेमा हॉल | 10000.00 | 5000.00 |
| 93 | प्रोपर्टी डीलर | 10000.00 | 2000.00 |
| 94 | प्राईवेट स्कूल कक्षा 05 तक (प्राईमरी) | 1000.00 | 500.00 |
| 95 | प्राईवेट स्कूल कक्षा 08 तक (जूनियर हाईस्कूल) | 2000.00 | 1000.00 |
| 96 | प्राईवेट स्कूल कक्षा 10 तक (हाईस्कूल) | 6000.00 | 3000.00 |
| 97 | प्राईवेट स्कूल कक्षा 12 तक (इन्टरमिडियट) | 10000.00 | 5000.00 |

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

# 100 मीटर दौड़ में मयंक, आरूषी ने मारी बाजी

चमोली : खण्ड स्तरीय तीन दिवसीय उच्च प्राथमिक और प्राथमिक वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मी. दौड़ में मयंक यूपीएस असेड़ व आरुषी यूपीएस कफोली प्रथम स्थान पर रहे। 200 मी दौड़ में अमन यूपीएस मींग व निशा यूपीएस देवीधार प्रथम स्थान पर रहे। 400 मी दौड़ में अमन यूपीएस मींग व नैना यूपीएस कफोली प्रथम स्थान पर रहे। लम्बी कूद में अभिषेक यूपीएस देवीधार व सुहानी यूपीएस चोपता प्रथम स्थान पर रहे। ऊँची कूद में अमन यूपीएस मींग व कविता यूपीएस हरमनी प्रथम स्थान पर रहे। गोला फैंक में कैलाश यूपीएस अंगतोली व प्रिया यूपीएस खनोली प्रथम स्थान पर रहे। चक्का फैक में अभिषेक यूपीएस देवीधार व नैना प्रथम स्थान पर रहे। लोक नृत्य व समूह गान में संकुल हसकोटी प्रथम,सुलेख प्रतियोगिता अंग्रेजी में रेनू ,सुलेख हिंदी में ममता प्रथम रही। अंताक्षरी में संकुल नारायणबगड़ प्रथम रहा। प्राथमिक वर्ग की 50 मी0 दौड़ में अखिलेश वह हर्षित प्रथम रहे। 100 मी0 दौड़ में प्रमोद कुमार वह शीतल प्रथम रहे 200 मी0 दौड़ में चंद्र प्रकाश वह हर्षिता प्रथम रहे। लंबी कूद में सर्वेश व नैना प्रथम । लोक नृत्य में नारायणबगड़ संकुल प्रथम रहा। सुलेख अंग्रेजी प्रतियोगिता में दीपांशु प्रथम ,सुलेख हिंदी में दीपिका, व अंताक्षरी में संकुल असेड सिमली प्रथम स्थान पर रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दिलीप नेगी, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक को ऑपरेटिव बैंक मोहित मारवाड़ी, उमेद सिंह झींकवाण, राजेश सती, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह नेगी, ब्लॉक क्रीड़ा अध्यक्ष निर्मल नेगी ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक महिपाल सिंह मेहरा, दुर्गा प्रसाद मलेठा, श्रीकृष्ण नैनवाल, प्रशांत नेगी, पुनीत सती, जगमोहन सिनवाल, मनोज सिलोडी, अजय मेहरा, राजकुमार गुप्ता, मोहन सती, यमुना प्रसाद, दर्शन गिरी, सतीश सिलोडी, परमानंद सती मौजूद रहे।

## अगस्त्यमुनि ब्लॉक ने जीती ओवर ऑल चैम्पियनशिप

रुद्रप्रयाग : प्रारम्भिक शिक्षा की तीन दिवसीय शीतकालीन जनपदीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी अतुल सेमवाल ने प्रतियोगिता को निर्विवाद एवं शान्तिपूर्वक संपंन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समस्त शिक्षकों, शिक्षक संगठनों के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं से छात्र का सर्वांगीण विकास होता है।

## एबीवीपी ने अध्यक्ष पद पर अंशुल को मैदान में उतारा

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल टिहरी में होने जा रहे छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष पद पर अंशुल भण्डारी, उपाध्यक्ष पद पर वैभव सिंह, सचिव पद पर नम्रता मखलोगा, सह सचिव पद पर अजय बेलवाल, कोषाध्यक्ष पद पर अनुराग मखलोगा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पंकज असवाल, छात्रा प्रतिनिधि सोनल रावत व विधि संकाय प्रतिनिधि गौरव पांडे को प्रत्याशी घोषित किया है।

यह जानकारी एबीवीपी की नगर मंत्री आकृति डबराल ने दी। (एजेंसी)

# सरकार जनता के मुद्दों पर नही करना चाहती कार्य : रौतेला

नई टिहरी : कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जनता की उपेक्षा की आरोप लगाया है। कहा सरकार जनता के मुद्दों पर कोई कार्य नहीं करना चाहती है, घर-घर शराब पहुंचाकर युवाओं को नशे की ओर धकेलने का काम किया जा रहा है।

शनिवार को नई टिहरी पहुंची कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के मुद्दों पर पूरी तरह हो चुकी फेल है। प्रदेश की जनता ने भाजपा को दो बार प्रचंड बहुमत दिया है, लेकिन सरकार जनता के मुद्दों पर कोई बात नहीं करना चाहती है। कहा एक वर्ष बाद भी अंकिता भंडारी के परिवार को न्याय नहीं मिल पाया है, युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं, स्वास्थ्य सुविधाओं का लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार दोगली सरकार है, एक तरफ नशा मुक्ति के लिये जगह–जगह बड़े-बड़े होल्डिग लगाती है,वहीं दूसरी ओर नशे को बढ़ावा देने के घर घर शराब पहुंचाने का काम कर रही है, ताकि युवा रोजगार के साथ अपने हक की बात न कर सके। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा की गूंगी सरकार को जगाने के लिये कांग्रेस महिला नेत्रियों ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिये अपने सर के बाल तक मुंडवा दिये, लेकिन सरकार मामले में मौन साधे हुये है। सरकार के लोग केवल जनता को गुमराह करने का काम रहे हैं। प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के भविष्य को बचाने के लिये जन आंदोलन की जरुरत आ पड़ी है है, जिसे सभी को मिलकर लड़ना होगा। मौके पर कांग्रेस प्रदेश मंहामंत्री शिवानी थपलियाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा, महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत, सुमेरी बिष्ट, कुलदीप पंवार, देवेन्द्र नौडियाल, सुमना रमोला, विक्रम पंवार, मुर्शरफ अली, मान सिंह रौतेला, मुर्तजा वेग आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## छह घंटे के ऑपरेशन के बाद जसप्रीत में मामूली सुधार

नई टिहरी : देवप्रयाग के गोसिल गांव में गुलदार के प्राणघातक हमले से गंभीर घायल बालक जसप्रीत के शरीर में आपरेशन के बाद मामूली हरकत शुरू हुई है। डॉक्टरों ने जसप्रीत के पूरी तरह ठीक होने में लम्बा समय लगने की बात कही है। वहीं पूर्व प्रमुख जयपाल पंवार व ग्राम प्रधान गोसिल हरि सिंह ने मुख्य वन संरक्षक से भी भेंट की। जिसमें उनके द्वारा बालक के उपचार आदि में हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। बीती बुधवार शाम गोसिल गांव में दस वर्षीय जसप्रीत को घात लगाए गुलदार ने निवाला बनाने की कोशिश की थी। गुलदार ने जसप्रीत के सिर को बुरी तरह नोंच डाला था। करीब छह घंटे के आपरेशन के बाद जसप्रीत खतरे से बाहर तो हो गया था। उसके शरीर में थोड़ी हरकत शुरू हुई है। परिजनों के साथ अस्पताल में मौजूद पूर्व प्रमुख जयपाल पंवार ने न्यूरो सर्जन डॉ. अमित के हवाले से बताया कि, बालक जसप्रीत के पूरी तरह ठीक होने में काफी समय लगेगा। जसप्रीत के होश में आने के बाद उसकी सुनने, बोलने, देखने की क्षमता को भी परखा जायेगा। डॉक्टरों के अनुसार जसप्रीत की इनमें से किसी क्षमता में कमी आने पर विदेशी उपकरणों की सहायता से उपचार करना होगा। पूर्व प्रमुख ने मुख्य संरक्षक से हुई भेंट के बाबत बताया कि, उनके द्वारा डीएफओ डांगचौरा को गोसिल गांव में और पिंजरे लगाने, यहां लगाए गए कैमरों में कैद गुलदार की फोटो तत्काल उन्हे भेजने व ग्रामीणों के साथ लगातार बने रहने के निर्देश दिये गए।

### सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में भूलवश मेरी पुत्री का नाम खुशी रावत दर्ज हो गया है। जबकि पुत्री का सही नाम खुशी (Khushi) है।

No.JC294187X
NB/Sub Gajendra Rawat
S/O Vikram Singh
Village. Borgaon. Post
Sendhikhal Tehsil
Lansdown Pauri
Garhwal. Uttarakhand

सम्पादकीय

## कई पार्टियां एक साथ चुनाव के लिए तैयार

पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के मसले पर विचार के लिए बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने अपनी पहली बैठक में तय किया कि कमेटी देश की सभी पंजीकृत पार्टियों से राय लेगी और साथ ही विधि आयोग से भी इस बारे में राय मांगेगी। चुनाव आयोग को भी पूरी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। अब सवाल है कि क्या पार्टियां पूरे देश में एक साथ चुनाव के लिए राजी होंगी? देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने पहले ही इससे इनकार कर दिया है। कांग्रेस और उसकी कई सहयोगी पार्टियां इस आइडिया को संघवाद की धारणा के खिलाफ बता रही हैं। लेकिन दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा इसके समर्थन में हैं। भाजपा नेता खुल कर इसकी तरफदारी कर रहे हैं। उसकी कुछ सहयोगी पार्टियां भी इसके पक्ष में हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि जो पार्टियां तटस्थ रहने का दावा करती हैं उनमें से कई पार्टियां ऐसी हैं, जो एक साथ चुनाव के विचार से सहमत हैं। इनमें दक्षिण भारत की दो पार्टियां भी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी एकसाथ चुनाव के लिए तैयार है और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल भी एक देश, एक चुनाव के लिए तैयार है। संयोग से इन दोनों राज्यों में पहले से ही लोकसभा के साथ चुनाव होता है। लेकिन योजना के तहत अपना चुनाव लोकसभा से पहले कराने वाले के चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस भी साथ चुनाव के आइडिया से सहमत है। अब जेडीएस भी भाजपा के साथ चली गई है और वह भी एक साथ चुनाव के पक्ष में हैं। सो, जहां दक्षिण भारत से इस विचार का सबसे ज्यादा विरोध होने की संभावना थी वहां की तीनों बड़ी प्रादेशिक पार्टियां इस विचार से सहमत हैं। इसमें सिर्फ तमिलनाडु की पार्टियां अलग थलग रहेंगी।

# केजरीवाल के लिए गंभीर समस्या

**अजीत द्विवेदी**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हर मुश्किल को मौका बनाने में माहिर नेता हैं। लेकिन शराब नीति का घोटाला उनके गले की हड्डी बन रहा है। इस मामले में उनके नेता एक एक करके जेल जा रहे हैं और पूरी पार्टी के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। इस खतरे का दायरा इसलिए भी बड़ा हो गया है क्योंकि केजरीवाल के पास जनाधार वाले या राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले नेता नहीं बचे हैं। उन्होंने एक डिजाइन के तहत पार्टी के तमाम संस्थापक नेताओं को या ऐसे नेताओं को, जिनका कोई स्वतंत्र वजूद था उनको बाहर कर दिया। प्रशांत भूषण से लेकर योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, आनंद कुमार आदि की मिसाल दी जा सकती है। उसके बाद उनके पास एमएलए तो बहुत हो गए और रा'यसभा के सांसद भी 10 हो गए लेकिन नेता गिनती के बचे। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के अलावा ले-देकर गोपाल राय और अब रा'यसभा में जाने के बाद राघव चड्ढा ही ऐसे नेता हैं, जो राजनीति के मैदान में दिखाई देते हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसियों ने मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों आम आदमी पार्टी का सबसे मुखर और लोकप्रिय चेहरा थे। सिसोदिया को जेल में आठ-नौ महीने हो गए। निचली अदालत और हाई कोर्ट ने उनकी जमानत नामंजूर कर दी है। लंबा समय बीत जाने और पत्नी की गंभीर बीमारी की दलीलों के बावजूद उनको जमानत नहीं मिली है। अब उनकी जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही लेकिन वहां दूसरी मुश्किल खड़ी होती दिख रही है। सर्वो'च अदालत ने उलटे एजेंसियों से यह पूछा है कि जब घोटाले का पैसा पार्टी के खाते में गया है तो पार्टी को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया? ध्यान रहे एजेंसियों ने कहा है कि शराब घोटाले का पैसा गोवा के विधानसभा चुनाव में खर्च किया गया। सोचें, अगर इस वजह से पूरी आम आदमी पार्टी ही आरोपी हो जाए तो पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल कितने समय तक बच पाएंगे?

बहरहाल, आम आदमी पार्टी के संस्थापक नेताओं को निकालने के बाद भी केजरीवाल के पास मौका था कि वे मजबूत जनाधार वाले और राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को राजनीति में आगे करते।

पार्टी में पद देते, सांसद या विधायक बनाते लेकिन उन्होंने अपनी असुरक्षा में यह काम नहीं किया। उन्होंने बिना आधार वाले निराकार चेहरों को आगे किया। मिसाल के तौर पर दिल्ली से तीन रा'यसभा सदस्य बनाने का उनको मौका मिला तो उन्होंने एक सीट संजय सिंह को दी लेकिन दो सीटों पर सुशील गुप्ता और एनडी गुप्ता को उ'च सदन में भेजा, जिनका कोई राजनीतिक वजूद नहीं है। इसी तरह पंजाब में सात रा'यसभा सांसद बनाने का मौका मिला तो उन्होंने वहां भी क्रिकेटर हरभजन सिंह के अलावा तीन कारोबारियों- अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी, एक चुनाव प्रबंधक संदीप पाठक और एक धार्मिक गुरू संत बलबीर सिंह को उ'च सदन में भेजा। वहां से ले-देकर एक राघव चड्ढा हैं, जो राजनीति करते दिखते हैं।



**पार्टी में पद देते, सांसद या विधायक बनाते लेकिन उन्होंने अपनी असुरक्षा में यह काम नहीं किया। उन्होंने बिना आधार वाले निराकार चेहरों को आगे किया। मिसाल के तौर पर दिल्ली से तीन रा'यसभा सदस्य बनाने का उनको मौका मिला तो उन्होंने एक सीट संजय सिंह को दी लेकिन दो सीटों पर सुशील गुप्ता और एनडी गुप्ता को उ'च सदन में भेजा, जिनका कोई राजनीतिक वजूद नहीं है। इसी तरह पंजाब में सात रा'यसभा सांसद बनाने का मौका मिला तो उन्होंने वहां भी क्रिकेटर हरभजन सिंह के अलावा तीन कारोबारियों- अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी, एक चुनाव प्रबंधक संदीप पाठक और एक धार्मिक गुरू संत बलबीर सिंह को उ'च सदन में भेजा। वहां से ले-देकर एक राघव चड्ढा हैं, जो राजनीति करते दिखते हैं।**

सो, अपने असुरक्षा भाव में केजरीवाल ने जनाधार वाले और राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को या तो किनारे कर दिया या पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने पिछले कुछ दिनों से अपनी महत्वाकांक्षाओं को ताले में बंद करके विपक्षी पार्टियों के साथ संबंध सुधारे हैं। वे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीनों बैठकों में बड़े लाव-लश्कर के साथ शामिल हुए। लेकिन मुश्किल यह है कि विपक्षी पार्टियां खुद ही केंद्रीय एजेंसियों की जांच में फंसी हैं। 'यादातर पार्टियों के खिलाफ वैसे ही कार्रवाई चल रही है, जैसे आम आदमी पार्टी के खिलाफ चल रही है। तृणमूल कांग्रेस से लेकर, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल से लेकर जनता दल यू तक तमाम क्षेत्रीय पार्टियां मुश्किल में हैं। कांग्रेस के भी कई नेताओं पर तलवार लटक रही है। इस मामले में एक मुश्किल यह भी है कि विपक्ष का शायद ही कोई नेता होगा, जिसको केजरीवाल ने अपनी शुरुआती राजनीति के दिनों में भ्रष्ट नहीं ठहराया था। सो, सबके मन में उसकी भी एक गांठ निश्चित रूप से होगी।

अब मुश्किल यह है कि अपनी पार्टी में केजरीवाल इकलौते नेता हैं और उन पर भी शिकंजा कस रहा है। अगर शराब नीति में हुए कथित घोटाले का पैसा पार्टी ने चुनाव में खर्च किया है और अदालत की टिप्पणी के बाद एजेंसियां पार्टी को भी आरोपी बनाती हैं तो सीधे केजरीवाल पर गाज गिरेगी। भारतीय जनता पार्टी ने कहना शुरू कर दिया है कि केजरीवाल के लिए भी हथकड़ी आने वाली है। ध्यान रहे केजरीवाल भाजपा के लिए बाकी किसी भी प्रादेशिक क्षत्रप से 'यादा बड़ा खतरा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पता है कि केजरीवाल इकलौते नेता हैं, जो किसी भी मामले में भाजपा से बड़ा इवेंट और नैरेटिव क्रिएट कर सकते हैं। वे कितना भी बड़ा झूठ बोल सकते हैं और कोई भी वादा कर सकते हैं।

उनके ड्रामे बाकी पार्टियों से अलग होते हैं और जनता में उनकी अपील होती है। ऊपर से अब वे विपक्षी गठबंधन में शामिल हो गए हैं और कम से कम दो रा'यों पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कर रहे हैं। तभी उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावना दिख रही है।

तभी सवाल है कि क्या अपनी जान बचाने के लिए वे भाजपा और केंद्र सरकार के साथ कोई डील कर सकते हैं? इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

बसपा, बीआरएस सहित कई पार्टियों के लिए ऐसा कहा जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने अंदरखाने कोई समझौता कर लिया है। केजरीवाल के सामने भी दो रास्ते दिख रहे हैं। पहला रास्ता तो सीधे भिडऩे का है। वे आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और कट्टर देशभक्त पार्टी होने का एजेंडा लेकर सडक़ पर उतर सकते हैं। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। यह टकराव का रास्ता है, जिसमें जोखिम बहुत है।

सो, देखना होगा कि केजरीवाल इस पर कितनी देर और कितनी दूर तक टिके रहते हैं। यहां यह ध्यान रखना होगा कि उनके पीछे कोई बड़ी ताकत नहीं है। दूसरी पार्टियां उनकी लड़ाई लड़ेंगी इसमें संदेह है। उनके सामने दूसरा रास्ता चुपचाप समझौता कर लेने का है। अगर वे टकराव बढ़ा कर विपक्षी गठबंधन से बाहर हो जाते हैं और अकेले लोकसभा चुनाव लडऩे का ऐलान कर देते हैं तो हो सकता है कि अगले साल के लोकसभा चुनाव तक कुछ राहत मिले।

# अमेरिका में हर दिन कुछ न कुछ अनहोनी

**श्रुति व्यास**

अमेरिका में ऐसा बहुत कुछ हो रहा है जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। डोनाल्ड ट्रंप देश के पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर 91 आपराधिक आरोप हैं और इस बात की प्रबल संभावना है कि उन्हें जेल के सींखचों के पीछे जाना पड़े। और अब एक नया अनहोना मामला है हाउस ऑफ रिप्रेंसटेटिव्स के स्पीकर कैविन मेकार्थी को पद से हटाने का।

ट्रंप के बाद के दौर में अमेरिका की राजनीति में अराजकता, अनिश्चितता और निष्क्रियता का माहौल है।ध्यान रहे बाइडन ने उथल-पुथल भरी नाटकीय परिस्थितियों में सत्ता संभाली थी, और मेकार्थी भी अफरातफरी के माहौल में 15 दौर के मतदान के बाद स्पीकर बने थे। उन्होंने तब सार्वजनिक तौर पर ट्रंप का शुक्रिया अदा करते हुए कहा था कि ट्रंप द्वारा किए गए टेलिफोन काल्स भी उनकी जीत में मददगार थी।और इस सप्ताह जिस दिन मेकार्थी को उनकी ही पार्टी के कुछ सांसदों द्वारा हटाए जाने की घटना हुई उसी दिन पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के संभावित उमीदवार, धोखाधड़ी के आरोप में अदालत में थे। एक अन्य अदालत में राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन मौजूद थे। वे विराजमान राष्ट्रपति की वह पहली संतान है जिस पर आपराधिक मामले में अभियोग लगा है। उन्होंने बन्दूक रखने संबंधी फ़ेडरल कानून के उल्लंघन के मामले में बेकसूर होने का दावा किया।

**मेकार्थी को हटाए जाने से रिपब्लिकन पार्टी का भीतरी टकराव सामने आया हैं। अमेरिकी राजनीति भारत की तरह होती जा रही है झ विद्वेषपूर्ण और जिसके बारे मैं यह नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होगा। रिपब्लिकन पार्टी, जो पहले अपने सख्त अनुशासन के लिए जानी जाती थी, को संभालना अब मुश्किल होता जा रहा है। मेकार्थी को हटाने के अभियान का नेतृत्व फ्लोरिडा के मेट गेट्ज और ट्रंपिस्ट फ्रीडम काकस के अन्य अतिदक्षिणपंथी सदस्यों ने किया। स्पीकर के पद की दौड़ मैं जिम जार्डन और स्टीव जिन्होंने एक बार स्वयं को 'डेविड ड्यूक' (कू क्लक्स क्लेन के पूर्व नेता) कहा था, सबसे आगे हैं।**

मेकार्थी के मामले पर लौटें। उनके पद संभालने के एक वर्ष के अंदर ही अति दक्षिणपंथी रिपब्लिकनों ने उनके विरूद्ध कदम उठाना शुरू कर दिया। जाहिरा तौर पर यह अभियान मुख्यतः अहंकार, और इस बात को लेकर द्वेष और क्रोध से प्रेरित था कि उन्होंने डेमोक्रेटस के सहयोग से लघु-अवधि का वित्तीय व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव पारित करवाया ताकि सरकार का शटडाउन टाला जा सके।

मेकार्थी को हटाए जाने से रिपब्लिकन पार्टी का भीतरी टकराव सामने आया हैं। अमेरिकी राजनीति भारत की तरह होती जा रही है झ विद्वेषपूर्ण और जिसके बारे मैं यह नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होगा। रिपब्लिकन पार्टी, जो पहले अपने सख्त अनुशासन के लिए जानी जाती थी, को संभालना अब मुश्किल होता जा रहा है। मेकार्थी को हटाने के अभियान का नेतृत्व फ्लोरिडा के मेट गेट्ज और ट्रंपिस्ट फ्रीडम काकस के अन्य अतिदक्षिणपंथी सदस्यों ने किया। स्पीकर के पद की दौड़ में जिम जार्डन और स्टीव जिन्होंने एक बार स्वयं को 'डेविड ड्यूक' (कू क्लक्स क्लेन के पूर्व नेता) कहा था, सबसे आगे हैं।

जीत जिसकी भी हो, उसे उन्हीं अतिरूढ़िवादियों से निपटना होगा। सरकार के आंशिक शटडाउन का खतरा बना हुआ है, क्योंकि 17 नवंबर के पहले और धन की व्यवस्था जरूरी है। और मेकार्थी को हटाए जाने का असर वाशिंगटन से बहुत दूर तक हुआ है। डेमोक्रेटस ने यूक्रेन युद्ध के लिए रकम की प्रावधान के बिना प्रस्ताव को पारित करने में इस आशा से सहायता की थी कि मेकार्थी इसके लिए अलग से प्रावधान करवाएंगे। पर वैसा नहीं हुआ।

डेमोक्रेटस को रिपब्लिकन्स की आपसी लड़ाई का लाभ मिल सकता है जो अधिकाधिक आत्ममुग्ध और अतिवादी होते जा रहे हैं। लेकिन इससे मतदाता इस नतीजे पर पहुंच सकते हैं कि सभी राजनीतिज्ञ उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं हैं झ और इसलिए कामकाज को पटरी पर लाने के लिए एक विध्वंसक और सशक्त व्यक्ति की जरूरत है। ट्रंप को उम्मीद है कि यह धारणा लोगों में बलवती होगी। आखिरकार अमेरिका में कुछ भी क्यों न हो, दुनिया का गुजारा उसके बिना नहीं हो सकता।

## तनाव बढ़ाने की रणनीति?

मुद्दा यह है कि अगर भारत पर यह गंभीर आरोप पांच देशों- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड- के साझा सिस्टम के तहत लगा है, तो क्या बिना उन सभी से दो टूक बात किए भारत इस लांछन से मुक्त हो पाएगा?

नरेंद्र मोदी सरकार भारत वासियों को यह संदेश देना चाहती है कि कनाडा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। इस सिलसिले में अब भारत सरकार ने कनाडा के 41 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक देश छोडऩे के लिए कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि ये राजनयिक उस समयसीमा के बाद भी भारत में बने रहे, सरकार उन्हें मिला कूटनीतिक अभयदान वापस ले लेगी। खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह नि'जर की हत्या पर कनाडा के आरोप लगाने के बाद भारत की ओर से लिया गया यह एक और सख्त कदम है। बहरहाल, इससे भारत के क्या मकसद हासिल होंगे, यह साफ नहीं है।

इस प्रकरण में अब तक यह साफ हो चुका है कि नि'जर हत्याकांड में भारत का हाथ होने का आरोप लगाने से पहले कनाडा ने फाइव आई गठबंधन में शामिल सभी देशों ने आपस में कथित साक्ष्य साझा किए थे। अमेरिका की तरफ से ऐसे अनेक बयान आ चुके हैं, जिनमें भारत से कनाडा की जांच में सहयोग करने को कहा गया है। बल्कि कनाडा स्थित अमेरिका राजदूत ने यह भी कहा था कि कनाडा को हत्याकांड में भारत के कथित हाथ की सूचना फाइव आई के खुफिया साझा करने के सिस्टम के तहत दी गई थी।

यह खबर आ चुकी है कि नि'जर हत्याकांड के बाद अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने अपने यहां कई सिख कार्यकर्ताओं को उनकी जान खतरे में होने संबंधी चेतावनी दी थी। तो प्रश्न है कि क्या भारत सरकार ने इस बारे में अमेरिका से स्पष्टीकरण मांगा है? मुद्दा यह है कि अगर भारत पर यह गंभीर आरोप पांच देशों- अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड- के साझा सिस्टम के तहत लगा, तो क्या बिना उन सभी से दो टूक बात किए भारत इस लांछन से मुक्त हो पाएगा? इस बारे भारत को तय यह करना है कि उसे लांछन-मुक्त होना है, या उन देशों से टकराव बढ़ाना है? अगर टकराव बढ़ाना सरकार ने उचित रणनीति माना है, तो फिर उसे यही सख्त रुख अमेरिका सहित बाकी देशों के खिलाफ भी अपनाना चाहिए। वरना, इसका प्रभाव घरेलू राजनीति तक सीमित रह जाएगा।

# टूथब्रश किसी से न करें शेयर नहीं तो हो जाएगी यह दिमाग की बीमारी, कुछ ऐसे होते हैं लक्षण

मैनिजाइटिस दिमाग से जुड़ी बीमारी है. यह ब्रेन को इफेक्ट करता है. मैनिजाइटिस में ब्रेन के साथ-साथ रीढ़ की हड्डी के आसपास जो लिक्विड और झिल्लियां होते हैं. उसमें सूजन आ जाते हैं. इन झिल्लियों को मेनिन्जेस कहते हैं. मैनिजाइटिस में होने वाले सूजन 'यादातर सिरदर्द, बुखार और गर्दन के अकडऩ पैदा करते हैं. लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसकी शुरुआती कैसे होती है. साथ ही यह भी जानेंगे कि इससे बचने का क्या तरीका है?

मैनिंजाइटिस का कारण

बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस में बैक्टीरिया खून में चला जाता है जिसके कारण दिमाग और रीढ़ की हड्डी तक पहुंच जाता है. बैक्टीरियल मैनिंजाइटिस के कई कारण होते हैं. इसके कारण बैक्टीरियल साइनस और निमोनिया भी हो सकता है.

क्रोनिक मैनिंजाइटिस

क्रोनिक मैनिंजाइटिस काफी लंबे समय तक शरीर में रहता है. माइकोबैक्टीरियाम ट्यूबरकुलोसिस यह धीरे-धीरे पूरे शरीर को अपना शिकार बना लेता है. यह दिमाग और रीढ़ की हड्डियों के पास की झिल्लियों को काफी 'यादा प्रभावित करता है. क्रोनिक मैनिंजाइटिस होने में दो सप्ताह या उससे अधिक दिन का वक्त लग सकता है. इसके अलावा ये इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से भी हो सकता है. और फिर आपके ब्रेन तक पहुंच सकता है.

मैनिंजाइटिस के कारण

मैनिंजाइटिस के कई कारण हो सकते हैं. जब ब'चा मां के पेट में रहता है और उस वक्त अगर ठीक से ख्याल न रखा जाए जो फीटल के जरिए हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस, एचआईवी, मम्प्स वायरस, वेस्ट नाइल वायरस मैंनिजाइटिस हो सकता है.

मैनिंजाइटिस के लक्षण

मैनिंजाइटिस होने पर शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं. जैसे- तेज बुखार, ब्रेन में इंफेक्शन. इसके अलावा रीढ़ की हड्डी में सूजन, सिर में दर्द रहना, गले में अकडऩ, उल्टी, दौरे पडऩा, भूख न लगना और भी कई सारे लक्षण दिखाई देने लगते हैं.

मैनिंजाइटिस से बचना है तो करें ये काम

मैनिंजाइटिस से बचना है तो हाइजीन का खास ख्याल रखें. जैसे- हाथों की सफाई करना, खांसने और छींकने के दौरान मुंह को कवर करना. बैक्टीरिया या वायरस आपके मुंह में घुस तो नहीं रहा है इसका ख्याल रखना. खांसने, छींकने, किस करने या खाने के बर्तन, टूथब्रश या सिगरेट शेयर करने के कारण भी मैनिंजाइटिस बढ़ सकता है. साथ ही छोटे ब'चों के इसका टीका जरूर लगवाएं.

# आप में आगे किसकी बारी?

मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और अब संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के नेता डरे हुए हैं। सबको गिरफ्तारी की चिंता सता रही है। तभी दिल्ली के राजनीतिक सर्किल में यह बात पूछा जा रहा है कि अब किसकी बारी है? क्या केंद्र सरकार की एजेंसियां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई करेंगी? संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने आप कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और नारा लगाया कि केजरीवाल के लिए भी हथकड़ी पहुंचने वाली है। असल में शराब घोटाले में पार्टी के कई नेताओं के नाम आ रहे हैं या लाए जा रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस के एक सांसद के रिश्तेदार के साथ साथ एक कारोबारी दिनेश अरोड़ा सरकारी गवाह बन गए हैं। उसके बाद ही आप के नेताओं की चिंता बढ़ी है।

संजय सिंह की गिरफ्तारी का एक कारण यह बताया जा रहा है कि उन्होंने दिनेश अरोड़ा को अरविंद केजरीवाल से मिलवाया था और पार्टी के लिए 82 लाख रुपए का चंदा वसूला था। जब मिलवाने वाले व्यक्ति को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया तो सोचा जा सकता है कि मिलने वाली यानी केजरीवाल के लिए कितनी मुश्किल हो सकती है। हालांकि यह सबको पता है कि उन्होंने किसी फाइल पर दस्तखत नहीं किया होगा। लेकिन अगर शराब नीति में बदलाव करने के बदले पार्टी को पैसे मिलने का कोई सबूत मिलता है तो निश्चित रूप से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के नाते केजरीवाल मुश्किल में आएंगे। ईडी के एक आरोपपत्र में आप के सांसद राघव चड्ढा का भी नाम है। हालांकि वे आरोपी नहीं बनाए गए हैं लेकिन एजेंसियों को किसी को आरोपी बनाने में कितना समय लगता है! तभी आम आदमी पार्टी में चिंता बढ़ी है और पार्टी के नेता इस मुश्किल को मौके में बदलने के प्रयास में लगे हैं।

# क्या टोमेटो केचप हेल्दी है? जानें इसे लेकर डाइटिशियन क्या देते हैं सलाह

कई लोग ऐसे हैं जिन्हें केचअप खाना बहुत पसंद होता है. ऐसा नहीं है कि सिर्फ जंक फूड के साथ बल्कि वह किसी भी खाने के साथ थोड़ा केचअप लेना पसंद ही करते हैं. समोसा, ब्रेड, पकोड़े किसी भी चीज के साथ केचअप खाना खूब पसंद करते हैं. ब'चे हो या बूढ़े केचअप लोगों की पहली पसंद होती है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बहुत 'यादा केचअप खाना हेल्थ के लिहाज से काफी 'यादा नुकसानदायक होता है. क्योंकि इसमें सोडियम की मात्रा काफी अधिक होती है. यह शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है.

'यादा केचअप खाने से शरीर को होने वाले नुकसान

'यादा केचअप खाने से पाचन तंत्र से लेकर पेट सभी के लिए नुकसानदायक है. यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है. यह गठिया जैसी गंभीर बीमारी का कारण भी बन सकता है. ब'चों को को एकदम केचअप खाने न दें क्योकि यह काफी 'यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है. लेकिन कई लोग ऐसे हैं जो इसे हेल्दी मानते हैं. इसे बनाने वाली कंपनी भी इसे हेल्दी होने का दावा करती है.

टोमेटो केचप हेल्दी होते हैं?



जंक फूड लेकर नॉर्मल खाना सभी का स्वाद बढ़ाने के लिए केचअप का इस्तेमाल करते है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि केचअप को बनाने में कई तरह के केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है. जिसके कारण यह लंबे समय तक पैकेट में रह जाता है और यह जल्दी खराब नहीं होता है. यही कारण है कि इसे 'यादा खाया जाएगा तो शरीर को कई तरह की गंभीर परेशानियां हो सकती है. ब'चों के लिए तो एकदम सुरक्षित नहीं है.

टोमेटो केचप खाने के नुकसान

बाजार में मिलने वाले टोमेटो केचप इसलिए हेल्दी नहीं क्योंकि जब इसे बनाया जाता है तो प्रोसेस के दौरान टमाटर का छिलका उताकर उसमें कई सारे केमिकल्स मिलाए जाते हैं. इस दौरान इसके सारे पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं. जिसके कारण यह हेल्थ के लिए काफी 'यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है.

सोडियम की मात्रा अधिक होती है

बाजार में मिलने वाले केचअप में सोडियम की मात्रा काफी अधिक होती है. अगर आप इसे 'यादा खाएंगे तो यह शरीर के लिए नुकसान दायक साबित हो सकता है. जिसके कारण हाई बीपी और हार्ट से जुड़ी बीमारी का खतरा हो सकता है.

शुगर की भी काफी मात्रा होती है

केचप में शुगर की मात्रा भी काफी अधिक होती है जिसके कारण यह अनहेल्दी है. इसे 'यादा खाने से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, बीपी का खतरा रहता है.

मोटापे का खतरा

'यादा केचप खाने से मोटापा का खतरा रहता है. इसमें मौजूद शुगर और सॉल्ट तेजी से वजन बढ़ाता है. इसलिए बहुत 'यादा केचअप खाने से तेजी में मोटापा बढ़ता है.

## लेबनानी जेल में आग से तीन की मौत, 16 घायल

**बेरूत ,एजेंसी।** पूर्वी लेबनान में बेका घाटी में स्थित ज़ाहले की एक जेल के अंदर आग लगने से तीन कैदियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

रिपोर्ट में कहा गया कि आग कैदियों द्वारा लगाई गई थी। वे वहां की खराब जीवन स्थितियों के कारण जेल से भागने की कोशिश कर रहे थे।

नागरिक सुरक्षा टीमों और रेड क्रॉस कर्मचारियों ने घायलों को नजदीकी अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया। जेल की इमारत के चारों ओर सेना और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है, ताकि आगे भागने की कोशिशों को नाकाम किया जा सके। लेबनान के आंतरिक मंत्री बासम मावलावी ने बेका के गवर्नर कमाल अबू जाउदे को घटनाक्रम पर नजर रखने, खासकर कैदियों को निकालने और घायलों के इलाज की जिम्मेदारी सौंपी है। 2019 में आर्थिक संकट के बाद से लेबनानी जेलों में स्थिति खराब हो गई है, कैदी भीड़भाड़ वाली जगह और उचित भोजन की कमी के बारे में शिकायत कर रहे हैं।

## लेबनान की नौसेना ने समुद्र से 125 अप्रवासियों को बचाया

**बेरूत ,एजेंसी।** लेबनानी नौसेना ने पाम द्वीप समूह के पास उत्तरी शहर त्रिपोली में अल–मीना के तट से एक अवैध आव्रजन नाव पर सवार 124 सीरियाई और एक लेबनानी को बचाया।

नाव अल–अब्दा बीच से रवाना हुई थी और शुक्रवार दोपहर को इसका इंजन खराब हो गया।यात्रियों ने सेना, नौसेना बलों से मदद मांगी, जिनके सदस्यों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उन्हें बचाया। नाव और यात्रियों को त्रिपोली के बंदरगाह पर स्थानांतरित कर दिया गया और उन्हें तुरंत प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई।

## रूसी लड़ाकू विमान ने नॉर्वेजियन सागर के ऊपर अमेरिकी गश्ती विमान को रोका


**मॉस्को ,एजेंसी।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एक रूसी मिग–31 विमान ने नॉर्वेजियन सागर के ऊपर एक अमेरिकी गश्ती विमान को रोका।

रूसी हवाई क्षेत्र नियंत्रण प्रणालियों ने नॉर्वेजियन सागर के ऊपर राज्य की सीमा की ओर आने वाले एक हवाई जहाज का पता लगाया। इसके बाद उसे रोकने के लिए एमआईजी –31 लड़ाकू विमान को तैनात किया गया। विदेशी विमान की पहचान यूएस पी–8ए पोसीडॉन टोही विमान के रूप में की गई। रूसी लड़ाकू विमान को देख अमेरिकी विमान सीमा से दूर चला गया।

## अर्श से फर्श पर पहुंचा टमाटर: सही दाम न मिलने पर मुफ्त बांटने लगे किसान

**महाराष्ट्र ,एजेंसी ।** इस साल टमाटर किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं है और आए दिन सुर्खियों में आ रहा है। कभी टमाटर के भाव 300 रुपये के पार पहुंच जाते हैं तो कभी मंडियों में 10 रुपये प्रति किलो से भी कम कीमतें हो जाती है। इसी कड़ी में टमाटर एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, महाराष्ट्र के लातूर जिले के मुरुड़ गांव में किसानों को टमाटर के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, जिसके चलते गुस्साए किसानों ने अपने टमाटर को मुफ्त में ही बांटना शुरू कर दिया। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।दरअसल, दो महीने पहले टमाटर के बढ़ते रेट को देखकर किसानों ने मार्केट में अच्छा भाव मिलने की उम्मीद से टमाटर के उत्पादन पर जोर दिया, लेकिन अब टमाटर की मार्केट में आवक इतनी बढ़ गई है कि लातूर के मार्केट में हर दिन 5000 कैरेट टमाटर की आवक हो रही है।

# चुनावी रणनीति: 125 सीटों पर मोदी को रोकने का प्लान तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 1.0 बहुत सफल रही थी। कहा जाता है कि कर्नाटक में कांग्रेस को मिली शानदार जीत के पीछे इस राज्य के नेताओं की कठिन मेहनत के साथ–साथ इस यात्रा ने भी अहम भूमिका निभाई थी। अब उस यात्रा से निकले सकारात्मक परिणामों के सहारे लोकसभा की 125 सीटों पर भाजपा को रोकने का प्लान तैयार किया गया है। विपक्ष को उम्मीद है कि यदि वह भाजपा को उसकी वर्तमान सीट क्षमता में 100 सीटों की कमी कर सके, तो केंद्र में सरकार बनाने की संभावनाएं बन सकती हैं।

दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा 1.0 को पूरी तरह गैर राजनीतिक रखा गया था। कांग्रेस ने इस यात्रा का नेतृत्व अवश्य किया था, लेकिन इसे किसी दल विशेष की यात्रा के तौर पर प्रचारित नहीं किया गया था। इसी का परिणाम हुआ कि इस यात्रा को डीएमके और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) जैसे दलों का साथ मिला।

लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि इस यात्रा की सफलता में सबसे बड़ा हाथ उन लोगों का था, जो किसी दल विशेष से नहीं जुड़े थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े ये लोग अपने–अपने क्षेत्र में प्रभावी हैं और लोगों के बीच बेहतर पकड़ रखते हैं।

एक अर्थ में लोग उनकी बातों को राजनेताओं से ज्यादा भरोसे के साथ सुनते और मानते हैं। अब इन्हीं लोगों को साथ लेकर देश की 125 अलग–अलग लोकसभाओं में लोगों को केंद्र सरकार की 'कार्यशैली' से अवगत कराकर उन्हें विपक्षी दलों के साझा उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा जाएगा।

योजना से जुड़े एक कार्यकर्ता ने अमर उजाला को बताया कि इन 125 सीटों की पहचान उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के विभिन्न राज्यों से की गई है। जिन सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों ने विपक्षी दलों से बहुत कम मार्जिन से जीत हासिल की है, उन पर लोगों को मोबिलाइज किया जाएगा। इन राज्यों में दक्षिण की कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम के गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र और उत्तर भारत के यूपी–बिहार और पश्चिम बंगाल तक की सीटें शामिल हैं।

125 सीटों के चयन में लोकसभा सीटों की आबादी की विवेचना को सबसे ज्यादा प्रमुख आधार बनाया गया है। टीम के कोर सदस्यों का मानना है कि जिन लोकसभा सीटों पर आदिवासी समुदाय, दलितों और पिछड़ों की आबादी सबसे ज्यादा है,

वहां पर लोगों को सरकार के उन कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह सरकार के कार्यों के कारण उनके अधिकारों में कटौती हो रही है। इस तरह लोगों को अपने साथ जोड़कर सरकार की राह में मुश्किल खड़ी की जाएगी।

इस पूरी योजना को अमल में लाने में सबसे बड़ा रोल सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव निभा रहे हैं। वे भारत जोड़ो यात्रा 1.0 के सूत्रधारों में गिने जाते हैं। इस बार इन 125 सीटों पर भाजपा को हराने की रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर डाली गई है। दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब में हुई एक बैठक के बाद योगेंद्र यादव ने बताया था कि इन 125 लोकसभा सीटों में हर एक सीट पर एक हजार विशेष कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी, जो अगले छह महीने अपनी–अपनी लोकसभाओं में रहकर प्रचार–प्रसार करने का काम करेंगे।

वे लोगों को जागरूक कर भाजपा के विरुद्ध वोट करने के लिए प्रेरित करेंगे।

इन सभी कार्यकर्ताओं को अपना कार्य शुरू करने के पहले विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें उन्हें आदिवासी और दलित समुदाय के लोगों के बीच रहकर उनसे मिलजुलकर अपनी बात रखने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह कार्य ठीक उसी प्रकार का होगा जिस प्रकार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने स्वयं सेवकों को तैयार कर विभिन्न क्षेत्रों में भेजकर सेवा कार्य करवाता है। अब इन कार्यकर्ताओं के सहारे भाजपा को रोक पाने की रणनीति कितनी सफल होती है, यह देखने वाली बात होगी।

लोकसभा चुनावों के स्तर पर यह प्रयोग पहली बार किया जाएगा। लेकिन उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान इसका सफल प्रयोग किया जा चुका है। किसान आंदोलन पर सरकार की प्रतिक्रिया से नाराज किसानों ने चुनावी राज्यों में जगह–जगह पहुंचकर लोगों को सरकार के विरुद्ध जागरूक करने का काम किया था। किसान नेता राकेश टिकैत ने स्वयं पश्चिम बंगाल में मोर्चा संभाला था और जगह–जगह घूमकर उन्होंने लोगों को भाजपा के विरोध में वोट डालने के लिए प्रेरित किया था। किसान नेताओं का दावा है कि ममता बनर्जी की शानदार सफलता में उनके इस प्रयास की भी बड़ी भूमिका थी। अब उसी प्रयोग को एक नए स्वरूप में लोकसभा चुनावों में अपनाने का काम किया जाएगा।

## सीआईएससीई रिजनल में उत्तराखंड ने 16 पदक जीते

देहरादून, सीआईएससीई यूपी एंड उत्तराखंड रीजनल स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड जोन के स्केटरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड और पांच सिल्वर समेत 16 पदक अपने नाम किए। सेंट पैट्रिक्स एकेडमी की मीमांसा नेगी ने एक गोल्ड और सिल्वर, सेंट जूड्स एकेडमी के आदित्य जौहरी ने एक गोल्ड, एक ब्रॉन्ज, समर वैली स्कूल की निशिता भाटिया ने एक गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता का आयोजन एक से तीन अक्तूबर तक गोरखपुर में किया गया।

## बिजनौर में तेंदुए ने 18 वर्षीय युवती पर किया हमला , हालत गंभीर

**बिजनौर ,एजेंसी ।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में बीती रात को एक तेंदुए ने 18 वर्षीय युवती पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती के चिल्लाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवती को बचाया और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। युवती की गर्दन और सिर में गहरे घाव हैं।

युवती के पिता संजय कुमार ने कहा कि उनकी बेटी नीलम घर के बाहर हैंडपंप से पानी लेने गई थी। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे जंगल में ले जाने की कोशिश की, लेकिन उसके चिल्लाने पर लोग मौके पर पहुंचे, तो तेंदुआ उसे छोडक़र भाग गया। घटना बीती रात करीब 8 बजे को बिजनौर जिले के रेहड़ थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के बाहरी इलाके में हुई।

वन अधिकारी ने कहा हमने तेंदुए को फंसाने के लिए पिंजरे लगाए हैं।

## शिवराज के चर्चित बयानों के बीच कमलनाथ का तंज

**भोपाल ,एजेंसी ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाल ही में दिए गए चर्चित बयानों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने तंज कसते हुए आज कहा कि राज्य भाजपा में हताशा अपने चरम पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है, 'मध्यप्रदेश भाजपा में हताशा अपने चरम पर है। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेना बंद कर दिया और उन्हें मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया।

इसके जवाब में प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए पहले तो मुख्यमंत्री ने जनता के बीच यह पूछना शुरू किया कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं और अब सीधे पूछ रहे है कि मोदी जी को प्रधानमंत्री होना चाहिए या नहीं। पीएम और सीएम की जंग में, भाजपा में जंग होना तय है। जिन्हें टिकट मिला, वह लडऩे को तैयार नहीं है और जो टिकट की रेस से बाहर हैं, वह सबसे लड़ते फिर रहे हैं।'

चौहान ने डिंडोरी जिले में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में जनता के समक्ष पूछा, 'मैं अच्छी सरकार चला रहा हूं या बुरी। मामा को मुख्यमंत्री बनना चाहिए कि नहीं, प्रदेश में भाजपा की सरकार आना चाहिए या नहीं।' इसके अलावा पिछले तीन चार दिनों में उन्होंने अपने गृह क्षेत्र बुधनी के अलावा बुरहानपुर और सीहोर की जनसभाओं में भी भावुक अंदाज में जनता से इसी तरह बात की।

उन्होंने कहा, 'मै चला जाऊंगा तो बहुत याद आऊंगा।' 'मैं चुनाव लड़ूं या नहीं। यहां से लड़ूं या नहीं।' चौहान के ये बयान सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं और राजनैतिक प्रेक्षक भी अपनी अपनी तरह से इनकी व्याख्या की कोशिश कर रहे हैं।

## मेट्टूर बांध के जल स्तर में गिरावट से तमिलनाडु के डेल्टा जिलों के किसान चिंतित

**चेन्नई ,एजेंसी ।** राज्य के धान के कटोरे तंजावुर सहित तमिलनाडु के डेल्टा जिलों के किसान जल स्तर में गिरावट से चिंतित हैं। मेट्टूर बांध. शुक्रवार को मेट्टूर बांध में जल स्तर 32 फीट तक पहुंच गया है, जबकि इसकी क्षमता 120 फीट है, जो किसानों के लिए चिंता का विषय है।

बांधों के जलग्रहण क्षेत्रों में दक्षिण पश्चिम मानसून ठीक से नहीं आने और उत्तर पूर्वी मानसून के 15 अक्टूबर के बाद ही तमिलनाडु में पहुंचने की संभावना के कारण, सांबा के किसान चिंतित हैं कि कृषि गतिविधियों के लिए पर्याप्त पानी नहीं होगा।

तंजावुर के एक किसान मुरुगन के.आर. ने कहा, दक्षिण पश्चिम मानसून तमिलनाडु के लिए विफल रहा और मेट्टूर बांध में जल स्तर 120 फीट की क्षमता के मुकाबले 32 फीट तक गिर गया है।

## भाजपा की प्रवृत्ति है रावण जैसी, डर के कारण राहुल गांधी को कर रही है बदनाम : नाना पटोले



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसकी रावण जैसी प्रवृत्ति है और डर के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बदनाम कर रही है। यहां भाजपा की रावण जैसी प्रवृत्तियों के खिलाफ शुरू किए गए राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए श्री पटोले कहा, "1945 में महात्मा गांधी को अग्राणी नामक एक मराठी अखबार में रावण के रूप में चित्रित किया गया था और भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों द्वारा उन्हें बदनाम किया गया था। अब, वही प्रवृत्ति श्री गांधी को रावण के रूप में चित्रित करके और उन्हें बदनाम करके इतिहास दोहरा रही है।'

उन्होंने भाजपा पर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच धार्म के आधार पर दरार पैदा करने के साथ–साथ विभिन्न जातियों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने तथा देश को विभाजित करने का काम करने का आरोप लगाया। नाना पटोले ने कहा कि दूसरी ओर राहुल गांधी यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे हैं कि संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता और अखंडता बरकरार रहे। उन्होंने कहा, "भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने लोगों में जागरूकता और विश्वास पैदा किया है और भाजपा की निरंकुश व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई है। उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देखकर भाजपा घबरा गई है और उनका नाम खराब करने के लिए घटिया हथकंडे अपना रही है।"

नाना पटोले ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा ने गांधी को छूने की हिम्मत की तो कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और पलटवार करेगी। इससे पहले श्री पटोले के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने चेंबूर स्टेशन के पास डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया।

## दिल्ली शराब घोटाला : संजय सिंह के करीबियों पर कसा ईडी का शिकंजा, विवेक त्यागी ईडी दफ्तर पहुंचे

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में आप के सांसद संजय सिंह प्रवर्तन निदेशालय की न्यायिक हिरासत में हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें ईडी ने पांच दिनों की रिमांड पर लिया है। आज ईडी ने संजय सिंह के करीबी विवेक त्यागी को पूछताछ के लिए बुलाया है। विवेक त्यागी ईडी के दफ्तर पहुंच चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक इस मामले में ईडी इन दोनों को संजय सिंह के सामने बिठाकर पूछताछ करना चाहती है। कल संजय सिंह के करीबी सर्वेश मिश्रा से ईडी ने करीब 9 घंटे तक पूछताछ की थी। सूत्रों के मुताबिक कल ईडी ने केवल सर्वेश मिश्रा से ही पूछताछ की थी। सर्वेश और संजय सिंह को आमने–सामने बिठाकर पूछताछ नहीं की गई है।

ईडी इस पूछताछ के दौरान धन शोधन निषेध अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज करेगी। ईडी का आरोप है कि शराब घोटाले के आरोपी कारोबारी दिनेश अरोड़ा ने राज्यसभा के सदस्य सिंह के आवास पर दो बार में दो करोड़ रुपये नगद दिए थे। संजय सिंह ने इस दावे को खारिज कर दिया था। ईडी ने इस मामले में बुधवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के घर पर छापा मारा था और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

आप सांसद संजय सिंह फिलहाल 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड पर हैं। ईडी का दावा है कि संजय सिंह के सहयोगी सर्वेश मिश्रा को दो बार में दो करोड़ रुपये मिले। इसके साथ ही संजय सिंह के पीए विजय त्यागी को शराब घोटाले के आरोपी अमित अरोड़ा की कंपनी अरालियास हॉस्पिटैलिटी के बिजनेस में हिस्सेदारी दी गई थी। जानकारी के मुताबिक संजय सिंह की रिमांड मांगते समय ईडी ने सर्वेश के नाम का भी जिक्र किया था। ईडी सूत्रों के मुताबिक संजय सिंह के कहने पर ही सर्वेश मिश्रा को दो बार में दो करोड़ रुपये मिले।

## स्कूल में तीन छात्र बेहोश, भूत की अफवाह से बच्चे नहीं जा रहे स्कूल

**रांची ,एजेंसी ।** झारखंड के पलामू जिले के एक प्राथमिक स्कूल में भूत की अफवाह से तीन बच्चे बेहोश हो गये। इसके बाद डर के मारे बच्चों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया है।

मामला तरहसी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पूर्णी टरिया का है। इस स्कूल में पढऩे वाले तीन छात्र गुरुवार को बेहोश हो गये थे। इसके बाद अफवाह उड़ी कि स्कूल में किसी भूत–प्रेत का साया है। इसके बाद स्कूल के विद्यार्थियों ने डर के मारे स्कूल जाना ही बंद कर दिया है।जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो देखा स्कूल में एक भी बच्चा नहीं पहुंचा है। स्कूल में पहली से छठी कक्षा तक की पढ़ाई होती है ।

## केरल हाईकोर्ट ने दोषी को एलएलबी में एडमिशन लेने की दी अनुमति

**कोच्चि ,एजेंसी ।** केरल हाईकोर्ट ने हत्या के एक दोषी को बैचलर ऑफ लॉ (एलएलबी) कोर्स में एडमिशन लेने की अनुमति दे दी है। एके जयशंकरन नांबियार और कौसर एडप्पागथ की खंडपीठ ने गुरुवार को केएमसीटी लॉ कॉलेज, कुट्टीपुरम को दोषी पी. सुरेश बाबू के लिए एडमिशन फॉर्मेलिटी को ऑनलाइन पूरा करने के लिए सभी फैसिलिटी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

केएमसीटी लॉ कॉलेज, कुट्टीपुरम में 3 वर्षीय एलएलबी कोर्स में याचिकाकर्ता/अपीलकर्ता की प्रवेश औपचारिकताएं शनिवार को दोपहर 12.00 बजे ऑनलाइन मोड के माध्यम से की जाएंगी। जेल अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए केएमसीटी लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ समन्वय करेंगे।

बाबू को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अब तक वह पांच साल की सजा काट चुका है। बीए इकोनॉमिक में ग्रेजुएशन होने के बाद, बाबू ने जेल में रहते हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से एमए (समाजशास्त्र) में मास्टर डिग्री हासिल की।दोषी का अगला टारगेट लॉ का कोर्स करना था और उसने एंट्रेंस एग्जाम पास किया और केएमसीटी लॉ कॉलेज में एडमिशन प्राप्त किया। इसके बाद उसने एडमिशन प्रोसेस पूरा किया और एलएलबी कोर्स को आगे बढ़ाने के लिए जमानत की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद हाईकोर्ट ने प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए परीक्षा नियंत्रक और कॉलेज के प्राचार्य से बात की और दोनों ने न्यायालय को सूचित किया कि प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन की जा सकती है और वे इसके लिए व्यवस्था करेंगे।

इसके बाद कोर्ट ने जेल और कॉलेज अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ऐसा किया जाए। 25 अक्टूबर को होने वाली अगली सुनवाई में, अदालत को बाबू के पाठ्यक्रम को ऑनलाइन मोड में करने के संभावित प्रस्ताव के बारे में सूचित किया जाएगा।

## हिंदी की वजह से ही हम संवाद कर पा रहे हैं : मनोज

**नई दिल्ली, ।** ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व को समझाने के उद्देश्य से 15 दिन चलने वाले हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर किया। एआईसीटीई ने हिंदी पखवाड़े के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 05 अक्टूबर को किया जिसमे बतौर विशिष्ट अतिथि प्रख्यात साहित्यकार मनोज भावुक उपस्थित हुए। मनोज भावुक ने इस हिंदी पखवाड़े के दौरान अपने संबोधन में कहा कि हिंदी की वजह से ही हम संवाद कर पा रहे हैं वर्ना अपने ही आँगन में गूँगे–बहरों की तरह रहते। हिंदुस्तान के तमाम राज्यों को जोड़ती है हिंदी। बातचीत में शुद्ध हिन्दी की मांग नहीं होनी चाहिए। दरअसल हिंदी बोलियों के समूह की भाषा है। बोलियों का विकास हिंदी का विकास है। हिंदी की लड़ाई अंग्रेजी से है, बोलियों से नहीं। इसलिए हिंदी को उसके बोलियों के साथ फलने–फूलने दिया जाना चाहिए। इससे पहले एआईसीटीई के चेयरमैन प्रोफेसर टी. जी. सीताराम, वाइस चेयरमैन डॉ. अभय जेरे, सदस्य सचिव प्रोफेसर बी आर काकड़े, सलाहकार डॉ. आर के सोनी, डॉ. ममता रानी अग्रवाल और मुख्य अतिथि श्री मनोज भावुक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## पीएम मोदी और अहमदाबाद क्रिकेट स्टेडियम पर बम से हमले की धमकी

**मुंबई ,एजेंसी ।** मुंबई पुलिस को एक दहशत भरा मेल भेजा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे इस मेल में सरकार से 500 करोड़ रुपये व गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोडऩे की भी मांग की गई है। फिलहाल बिश्नोई को दिल्ली के मंडोली जेल में रखा गया है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा यह मेल राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भेजा गया था और एजेंसी ने इस मेल के बारे में मुंबई पुलिस को बताया।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'एनआईए से हमें इस मेल के बारे में पता चला, जिसके बाद अन्य एजेंसियों को भी इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। एनआईए को जिस ईमेल आईडी से मेल भेजा गया था, हमने उसके बारे में भी पता कर लिया है। मेल यूरोप से भेजा गया है।' उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है जैसे यह विदेश में बैठे किसी व्यक्ति की शरारत है, उन्होंने उस व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही वर्ल्ड कप के सभी मैचों के लिए भी कड़ी सुरक्षा का इंतजाम करने का आश्वासन भी दिया है।

एनआईए को भेजे गए मेल में कहा गया, 'अगर सरकार हमें 500 करोड़ रुपये देने और लॉरेंस बिश्नोई को रिहा करने में असमर्थ रही तो हम नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ा देंगे। हिंदुस्तान में सबकुछ बिकता है, इसलिए हम भी कुछ लेकर आए हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना सुरक्षित हैं, हमसे आप सुरक्षित नहीं रह सकते। अगर आप बात करना चाहते हैं तो इस मेल पर कर सकेत हैं।' खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ भी वर्ल्ड कप मैचों में हमला करने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया था।

## भारतीय नौसेना में प्रथम 360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** श्वेत वस्त्रधारी महिलाएं और पुरुष भारतीय नौसेना के शिप फर्स्ट दृष्टिकोण के केंद्र में हैं और निकट भविष्य में भी इसकी सबसे बड़ी संपत्ति बने रहेंगे। अपने पेशेवर और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय नौसेना मानती है कि एक चुस्त, अनुकूली और उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन अनिवार्य है। उस संबंध में, भारतीय नौसेना ने विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए 360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र की एक नवीन परिवर्तनकारी पहल को संस्थागत बनाया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवधिक गोपनीय रिपोर्टों के वर्तमान मूल्यांकन तंत्र में टॉप–डाउन दृष्टिकोण की अंतर्निहित सीमा है, क्योंकि यह अधीनस्थों पर किसी नेता के प्रभाव को पूरा नहीं करता है या उसकी मात्रा निर्धारित नहीं करता है। भारतीय नौसेना के 360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र का उद्देश्य पदोन्नति के लिए विचार किए जा रहे प्रत्येक अधिकारी के लिए उपयुक्त रूप से पहचाने गए साथियों और अधीनस्थों से बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण शामिल करके इस कमी को दूर करना है। सर्वेक्षण में प्रश्नों का एक स्पेक्ट्रम शामिल है, जिसमें पेशेवर ज्ञान, नेतृत्व गुण, युद्ध/संकट में उपयुक्तता और उच्च रैंक प्राप्त करने की क्षमता जैसे पहलू शामिल हैं।

# तीरंदाज ओजस देवतले ने अभिषेक वर्मा को हरा कर तीसरा गोल्ड जीता



हांगझोऊ,मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के तेजस प्रवीण देवतले ने शनिवार को हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल में अपने ही देश के अभिषेक वर्मा को हराकर एशियाई खेलों का खिताब अपनी झोली में डाल लिया।

फ़ुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में फ़ाइनल में देवतले ने अपने अनुभवी हमवतन वर्मा को 149–147 से हराया।

एशियाई खेलों के इस संस्करण में यह उनका तीसरा स्वर्ण पदक था, जिससे वह इस एशियाई खेलों में संयुक्त रूप से सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी बन गये।देवतले ने इससे पहले कंपाउंड पुरुष टीम और कंपाउंड मिश्रित टीम प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीता था।

सटीकता के साथ शूटिंग करते हुए, देवतले केवल एक बार 10–पॉइंट सर्कल से चूके। उन्होंने फाइनल में 150 में से 140 का स्कोर किया।

इस साल की शुरुआत में बर्लिन में विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले नागपुर के 21 वर्षीय देवतले ने चौथे दौर के दूसरे तीर में फाइनल में अपना स्कोर नौ बनाया।

इसके विपरीत, वर्मा ने दूसरे राउंड में तीसरे तीर से नौ का स्कोर बनाया और फिर तीसरे राउंड के दूसरे तीर पर आठ का स्कोर हासिल किया, इस तरह वह देवतले से तीन अंक पीछे हो गए।

हालांकि, उन्होंने चौथा राउंड 30–29 से जीतकर एक अंक बना लिया, लेकिन यह देवतले से आगे निकलने के लिए काफी नहीं था। देवतले ने पांचवें और अंतिम राउंड में परफेक्ट 30 का स्कोर किया।

### एशियाई गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, 100 पदक पक्के– हॉकी टीम ने भी जीता गोल्ड मेडल

नई दिल्ली ,एशियाई गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय खिलाड़ियों ने चीन में चल रहे एशियन गेम्स 2023 में इतिहास रच दिया है। पहली बार भारत के 100 मेडल पक्के हो गए हैं। 1951 से खेले जा रहे गेम्स की बात करें, तो पहली बार भारत 100 मेडल के आंकड़े तक पहुंचा है। भारत अब तक 91 मेडल जीत चुका है जबकि 9 मेडल पक्के हैं।आज भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। फाइनल में भारत ने जापान को 5–1 से हराया और स्वर्ण पर कब्जा किया। भारत के लिए मनप्रीत सिंह (25वें मिनट), अमित रोहिदास (36वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट), अभिषेक (48वें मिनट) और हरमनप्रीत (59वें मिनट) में गोल दागे।एशियाई गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक 21 गोल्ड, 33 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। इसके अलावा 3 मेडल आर्चरी में, 2 कबड्डी में जबकि बैडमिंटन, ब्रिज, क्रिकेट और हॉकी में भी एक–एक मेडल पक्के हैं।

# भारत की बेटियों ने जीता गोल्ड, पदकों की संख्या हुई 100




हांगझोऊ ,भारत ने एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार 100 पदक का आंकड़ा पार कर लिया है। 1951 में नई दिल्ली में पहली मेजबानी के बाद खेलों के इस महाकुंभ के 19वें संस्करण में भारत ने इस मील के पत्थर को पार किया। भारत का 100वां पदक महिला कबड्डी टीम से आया। भारत ने फाइनल में चीनी ताइपे को 26–25 से हरा कर गोल्ड पर कब्ज़ा किया।हांगझोऊ में भारत के 100 पदकों में 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य शामिल हैं।

इन 100 पदकों में से, पुरुष प्रतिभागियों ने 47 पदक (12–17–18) जीते हैं, जबकि महिलाओं ने 44 (9–18–19) जीते हैं, जबकि सात मिश्रित स्पर्धाओं में आए हैं। शुक्रवार रात प्रतियोगिताओं के अंत में भारत के 95 पदक हो गए थे और पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

शनिवार को अदिति गोपीचंद स्वामी ने कांस्य पदक जीता और फिर ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर गिनती 97 तक पहुंचा दी। ओजस प्रवीण देवतले और अभिषेक वर्मा ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत तीरंदाजी में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतकर गिनती को 99 तक पहुंचाया। इसके बाद महिला कबड्डी टीम ने इसे 100 अंक तक पहुंचा दिया।यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे अधिक पदक है।, 2018 में इंडोनेशिया में खेलों के पिछले संस्करण में भारत ने 70 पदक जीते थे।

# अब देश के शीर्ष तीरंदाज यूपी में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



लखनऊ ,चीन के ग्वांग झोउ में चल रहे एशियन गेम्स में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भारतीय तीरंदाज अब नवंबर में उत्तर प्रदेश में अपना हुनर दिखाते नजर आएंगे।

25 से 30 नवंबर के मध्य रामनगरी अयोध्या में सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, इसमें देश भर के शीर्ष तीरंदाज अपने स्किल का प्रदर्शन करेंगे। सीएम योगी इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे, जबकि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर समापन समारोह में हिस्सा लेंगे।उल्लेखनीय है की भारतीय तीरंदाजी टीम ने एशियन गेम्स में देश के लिए 3 गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज के साथ कुल 5 पदक जीते हैं। सीएम योगी ने सभी विजेताओं को जीत की बधाई भी दी है और अब वह उनकी मेजबानी भी करेंगे। विभाग ने जो शेड्यूल तय किया है, उसके अनुसार देश के कई राज्यों की टीमें 24 नवंबर को प्रतियोगिता के लिए अयोध्या पहुंच जाएंगी। 25 नवंबर को सीएम योगी प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता इंडिविजुअल, टीम और मिक्सड टीम इवेंट में इंडियन, रिकर्व और कंपाउंड राउंड के तहत खेली जाएगी।प्रतियोगिता में देश भर से 1100 प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे, जिसमें 550 पुरुष और 550 महिला प्रतिभागी होंगी। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के साथ ही खिलाड़ी भगवान राम के बन रहे मंदिर का भी अवलोकन करेंगे। उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी के सबसे बड़े अयोजन से प्रदेश में इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। यूपी खेलों के बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। इस वर्ष ही प्रदेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, डेविस कप और मोटो जीपी जैसे बड़े आयोजनों का सफलतापूर्वक अयोजन किया है। सीनियर नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के लिए एक और मील का पत्थर साबित होगा।

### एशियाई गेम्सः कबड्डी में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को चटाई धूल



नई दिल्ली ,एशियाई गेम्स में भारतीय कबड्डी टीम (पुरुष) ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को मात दी। भारत ने पाकिस्तान को 61–14 के अंतर से हराया। भारत अब फाइनल में पहुंच गया है। वहीं महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में नेपाल को 61–17 से मात दी है।

# सबालेंका बाहर, स्वीयाटेक और गॉफ़ चाइना ओपन के सेमीफाइनल में



बीजिंग ,दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को यहां चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना ने 7–5, 6–2 से हरा दिया।

पूरे मैच के दौरान शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूसी को सर्विस की समस्या का सामना करना पड़ा, उन्होंने रिबाकिना के एक के मुकाबले आठ डबल फॉल्ट किए और पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने चार बार उनकी सर्विस तोड़ी।

रिबाकिना ने 12 ऐस लगाए जबकि सबालेंका केवल चार ऐस लगा पाईं।

सेमीफाइनल में रिबाकिना का मुकाबला रूस की ल्यूडमिला सैमसोनोवा से होगा, जिन्होंने लातविया की जेलेना ओस्टापेंको को 6–3, 6–2 से हराया।

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वीयाटेक और दुनिया की तीसरे नंबर की अमेरिका की कोको गॉफ दूसरे सेमीफाइनल में आमने–सामने होंगी।

क्वार्टर फाइनल में, स्वीयाटेक ने एक सेट से पिछड़ने के बाद फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को 6–7 (8), 7–6 (5), 6–1 से हराया, जबकि गॉफ ने ग्रीस की मारिया सकारी को 6–2, 6–4 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया।

## फिल्मी दुनियां

# धांसू एक्शन से भरपूर होगा सलमान–कैटरीना का टाइगर 3 का ट्रेलर, 16 अक्टूबर को होगा रिलीज



टाइगर 3 सलमान खान की मोस्ट अवेटिड फिल्म है. इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. टाइगर 3 का इंतजार अब कम होता जा रहा है और ये फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. सलमान खान ने हाल ही में टाइगर 3 का टीजर रिलीज किया था और अब ट्रेलर की रिलीज डेट भी सामने आ गई है. टाइगर 3 के ट्रेलर की जानकारी यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है.

टाइगर 3 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा–टाइगर 3 ट्रेलर 16 अक्टूबर को दहाड़ने के लिए तैयार है. टाइगर 3 दिवाली पर सिनेमाघरों में आ रही है. फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी.टाइगर 3 का टीजर 27 सितंबर को रिलीज किया गया है. जिसमें सलमान का दमदार लुक दिखाया गया है. वह टीजर में कहते हैं कि मेरा नाम अविनाश सिंह राठौड़ है. पर आप सबके लिए मैं टाइगर हूं. 20 साल अपना सबकुछ इंडिया की हिफाजत में लगा दिया. बदले में कुछ नहीं मांगा पर आज मांग रहा हूं...आज आप सबको ये बताया जा रहा है कि टाइगर आपका दुश्मन है. टाइगर गद्दार है. टाइगर दुश्मन नंबर वन है तो 20 साल की इंडिया की सर्विस के बाद मैं अपना कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांग रहा हूं.मेरे बेटे को मैं नहीं इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था. गद्दार या देशभक्त...जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जयहिंद. टाइगर 3 की बात करें तो इसमें सलमान खान के साथ कैटरीना कैफ, इमरान हाशमी लीड रोल में नजर आने वाले हैं.

### थलापथी 68 में मुख्य भूमिका निभा रही मीनाक्षी चौधरी

युवा अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी एक और रोमांचक प्रोजेक्ट साइन करने की कगार पर हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि वह तमिल सुपरस्टार विजय के साथ उनकी 68वीं फिल्म में मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए शीर्ष दावेदार हैं, जिसका अस्थायी नाम थलापति68 है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

मीनाक्षी वर्तमान में महेश बाबू की गुंटूर करम की शूटिंग में व्यस्त हैं और इस साल के अंत में वरुण तेज की पीरियड एक्शन ड्रामा मटका पर काम शुरू करने वाली हैं। उन्होंने दुलकर सलमान की तेलुगु परियोजना, लकी भास्कर और विश्वक सेन के साथ एक अन्य फिल्म में अपनी भूमिकाओं के लिए भी सुर्खियां बटोरीं। मीनाक्षी ने इस साल जुलाई में विजय एंथोनी की कोलाई के साथ तमिल में अपनी शुरुआत की।

# सोफिया अंसारी ने व्हाइट ब्रालेट में शेयर कीं किलर फोटोज, वायरल हुई तस्वीर



इंटरनेट सेंसेशन बन चुकी डिजिटल क्रिएटर एंड एक्ट्रेस सोफिया अंसारी अपनी बोल्ड अदाओं की वजह से चर्चा में रहती हैं। अदाकारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर खासा एक्टिव रहती हैं। अब हाल ही में अदाकारा सोफिया अंसारी ने जालीदार व्हाइट ब्रालेट में अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अदाकारा सोफिया अंसारी बोल्डनेस के साथ मस्ती भरे अंदाज में फैंस को रिझाती दिखीं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही सुर्खियों में आ गईं। सोफिया अंसारी की इन तस्वीरों पर फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। सोफिया अंसारी ने हाल ही में अपना बोल्ड अवतार सामने आईं लेटेस्ट तस्वीरों में दिखाया हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी बोल्डनेस से फैंस को हैरान करती दिखीं। अदाकारा सोफिया अंसारी अपनी इन बोल्ड तस्वीरों में परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट किया है। जिस पर फैंस की भी नजरें टिकी रह गईं। जालीदार व्हाइट ब्रालेट टॉप में एक्ट्रेस सोफिया अंसारी ने किलर पोज मारे। इन तस्वीरों में वो खूब मस्ती करती भी दिखीं। अदाकारा सोफिया अंसारी ने ब्रालेट टॉप में ढेर सारी बोल्ड तस्वीरें क्लिक करवाई थीं। जिनकी तस्वीरें आप यहां देख सकते हैं। अदाकारा सोफिया अंसारी अपनी बोल्ड तस्वीरों से अक्सर फैंस का ध्यान खींच लेती हैं। अदाकारा की ये तस्वीरें आग की तरह वायरल होती हैं। अदाकारा सोफिया अंसारी ने रेड एंड ब्लैक ब्रालेट में भी बोल्ड और कातिलाना फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आईं। अदाकारा की ये तस्वीरें भी खूब वायरल हुई थीं। अदाकारा सोफिया अंसारी एक टैटू गर्ल है।

# सामी सामी पर छोटी बच्चियों का डांस परफॉर्म देख झूम उठीं रश्मिका मंदाना, कहा– सो क्यूट




एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने फैंस के पैन–इंडिया ब्लॉकबस्टर हिट पुष्पा : द राइज के हिट ट्रैक सामी सामी पर डांस करते हुए एक वीडियो पर रिएक्ट किया। वीडियो देखने के बाद एक्ट्रेस ने कहाः सो क्यूट। वीडियो में छोटी लड़कियां पूरे जोश के साथ सामी सामी पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को कई सोशल मीडिया यूजर्स ने शेयर किया हुआ है और कैप्शन दियाः लिस्ट में एक और प्यारी जोड़ी शामिल हो गई। पुष्पा सॉन्ग का क्रेज इतनी जल्द रुकने वाला नहीं है। सामी सामी पॉपुलर ट्रैक बन गया है और ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिसमें नेटिजन्स इस ट्रैक पर डांस कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका मंदाना, रणबीर कपूर के साथ बहुप्रतीक्षित एनिमल में दिखाई देंगी। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में एक्ट्रेस ने जमकर तारीफें बटोरी। इसके अलावा, वह फिल्म पुष्पा 2 : द रूल में भी एक्टिंग करती नजर आएंगी। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स (एसआईएमएमए) विजेता पुष्पा 2 और एनिमल के अलावा रेनबो, डी51 और अन्य फिल्मों में भी दिखाई देंगी।

### गिप्पी ग्रेवाल की कैरी ऑन जट्टा 3 ने ओटीटी प्लेट-फॉर्म पर दी दस्तक

पंजाबी सिनेमा के मशहूर अभिनेता–गायक गिप्पी ग्रेवाल को आखिरी बार फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 में देखा गया था।महज 15 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 102.75 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। अब कैरी ऑन जट्टा 3 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल टीवी पर दस्तक दे दी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 में गिप्पी की जोड़ी सोनम बावजा के साथ बनी थी, जिसे सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब प्यार मिला था।गुरप्रीत घुग्गी, कविता कौशिक, बिन्नू ढिल्लों, जसविंदर भल्ला, करमजीत अनमोल और नासिर चिन्योति भी इस फिल्म का हिस्सा थे।

### विक्रांत मैसी की 12वीं फेल का टीजर जारी, 27 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म




विक्रांत मैसी जल्द ही फिल्म 12वीं फेल में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा पर आधारित है। अब निर्माताओं ने 12वीं फेल का टीजर जारी कर दिया है। यह फिल्म अनुराग पाठक के इसी नाम से आए लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है। 12वीं फेल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी ज्यादातर शूटिंग दिल्ली के मुखर्जी नगर में हुई है, जहां से मनोज शर्मा ने यूपीएससी की पढ़ाई की थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com